JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक



आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | : 34 |
| न्यूनतम | : 16 |
| हवा में नमी | : 162 |

वर्ष : 66 ● अंक: 104 ● श्रीगंगानगर, सोमवार, 10.03.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ :8

# होटल संचालक भामाशाह ने जमीन देकर वापिस किया रास्ते पर कब्जा

» कोडा चौक स्थित होटल केएलजे के संचालक ने छोड़ा था प्राचीन शिवालय जाने के लिए रास्ता » रातों-रात कब्जा कर निकाली दीवार

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** कोडा चौक के पास मुख्य सड़क से प्राचीन शिवालय जाने के लिए छोड़े गए सात फीट आम रास्ते पर केएलजे होटल के मालिक ने गत रात्रि कब्जा कर लिया। ईंटे लगाकर इस रास्ते को पूर्णतय बंद कर दिया गया है। यह रास्ता शिवालय में होने वाले विभिन्न आयोजनों के दौरान होने वाली भीड़ के बाद आपातकाल के लिए छोड़ा गया था। इस रास्ते को गत रात्रि बंद कर दिया गया, जिसकी चर्चा पूरे शहर में चल रही है। सात फीट चौड़ी यह जगह लाखों रूपए की बताई जा रही है।

कोडा चौक पर स्थित होटल केएलजे के मालिक कृष्णलाल जुनेजा ने करीब दो साल पूर्व जब होटल का निर्माण किया तो नक्शा पास करवाते समय सात फीट भूमि शिवालय को रास्ता देने के नाम पर छोड़ी गई थी। तब जुनेजा ने खूब वाहवाही लूटी थी। तत्कालीन सभापति के पति व तत्कालीन कांग्रेस व वर्तमान में भाजपा के नेता अशोक चांडक ने जुनेजा का भामाशाह तक बताया था। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा था कि 'सन्नी ढाबा के संचालक कृष्णलाल ने होटल की जगह से सात फीट रास्ता शिवालय के लिए दिया है, जिसका वे आभारी है। उन्होंने कहा कि शिवालय की मुख्य मार्ग करीब दस फीट है तथा विभिन्न आयोजनों के दौरान भीड़ रहती है। आपातकाल स्थिति में यह सात फीट रास्ता आने-जाने के काम आएगा।' वीडियो में चांडक ने होटल संचालक कृष्णलाल जुनेजा व उनके पुत्र सन्नी जुनेजा को भामाशाह बताया। इस दौरान वीडियो में पार्षद हेमंत रासरानिया, सन्नी जुनेजा, कृष्णलाल जुनेजा, सोनू अनेजा, निशांत सहित अनेक लोग मौजूद रहे थे। वाहवाही लूटने के बाद अब होटल संचालक कृष्णलाल जुनेजा




ने सात फीट के रास्ते पर शिवालय जाने के लिए बनाए गए गेट के स्थान पर रातों-रात दीवार निकाल दी। इस संबंध में कृष्णलाल से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि प्राचीन शिवालय के गद्दीनशीन कैलाश नाथ ने उपयोगी ना होकर रास्ता बंद करने को बोला है। जबकि यह आम रास्ता मंदिर में दर्शन करने के लिए आने वाले लोगों के लिए काफी फायदेमंद था। परंतु मिलीभगत के चलते लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कार्य करते हुए होटल संचालक ने दान दी गई जमीन पर बिना किसी से विचार किए दीवार निकाल दी। होटल संचालक कृष्णलाल जुनेजा का कहना है कि इस रास्ते को उपयोग में नहीं लिया जा रहा है। होटल संचालक के अनुसार प्राचीन शिवालय के गद्दीनशीन कैलाश नाथ के कहने पर रास्ता बंद किया गया है। होटल संचालक द्वारा दीवार निकालने की जानकारी अब शहर में फैलने लगी है तो विभिन्न संगठनों ने होटल संचालक द्वारा मंदिर को दान दी जमीन पर वापिस कब्जा करने के कार्य को गलत बताया है। लोगों का कहना है कि लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हुए होटल मालिक ने दान दी लाखों रूपए की 7 फीट जमीन पर कब्जा कर अनुपयोगी बताते हुए वहां दीवार निकाल दी। होटल संचालक कृष्णलाल जुनेजा द्वारा होटल से होते हुए मंदिर को जाने वाले रास्ते की जमीन दान देने के बाद तत्कालीन कांग्रेस व वर्तमान भाजपा नेता अशोक चांडक ने कृष्णलाल जुनेजा को भामाशाह बताया था। चांडक ने कहा था कि आपात स्थिति में यह रास्ता काफी अहम है। परंतु अब होटल संचालक ने रास्ता बंद कर दिया है तो क्या अब प्राचीन शिवालय में क्या भीड़ नहीं होती या आपातकाल की स्थिति पैदा नहीं होगी। भविष्य में अगर कोई आपात स्थिति पैदा होती है तो उसका जिम्मेदार होटल संचालक कृष्णलाल जुनेजा होगा या प्राचीन शिवालय के गद्दीनशीन कैलाश नाथ जिनका नाम लेकर होटल संचालक यह रास्ता अनुपयोगी बताकर दीवार निकाल रहा है।

### इनका कहना है:-

होटल से प्राचीन शिवालय के लिए छोड़े गए रास्ते की सुरक्षा नहीं हो पा रही थी तथा इसका कोई उपयोग भी नहीं हो रहा था, जिस कारण यह रास्ता बंद करवा दिया। अगर कोई आपातकाल की स्थिति पैदा होती है तो शिवालय में तीन गेट है।

**गद्दीनशीन कैलाश नाथ,** प्राचीन शिवालय

## काशी में मसाने की होली



● मुंह से उगले आग के गोले

**जनमार्ग न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी में मसाने की होली शुरू हो गई है। डीजे, ढोल और डमरू की ताल पर शिवभक्त थिरक रहे हैं। खेले मसाने में होरी...गाने पर मां काली और शिव बने कलाकार तांडव कर रहे हैं। एक तरफ चिताओं से उठता धुआं है, दूसरी तरफ राख की होली। यानी खुशी और गम साथ-साथ। आम इंसान जो चिता की राख से दूर भागता है, वो भी एक चुटकी राख के लिए घंटों इंतजार कर रहा है। भीड़ इतनी कि पैर रखने तक की भी जगह नहीं है। कीनाराम आश्रम से शिव बारात निकल गई है। शिवभक्त तांडव करते हुए 2 किमी दूर हरिश्चंद्र घाट जा रहे हैं। यहां जलती चिताओं के बीच नागा संन्यासी चिता भस्म की होली खेलेंगे। इस होली को देखने के लिए 20 देशों से 5 लाख टूरिस्ट पहुंचे हैं। विदेशी युवक ने कहा कि मैं इंजॉय कर रहा हूं।

## संसद में नई शिक्षा नीति, ट्राय-लैंग्वेज पर हंगामा

● डीएमके सांसद नारेबाजी करते शिक्षा मंत्री के करीब पहुंचे



**जनमार्ग न्यूज**

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा फेज सोमवार को शुरू होते ही लोकसभा में डीएमके सांसदों ने हंगामा किया। डीएमके सांसद नई शिक्षा नीति (एनईपी) और ट्राय-लैंग्वेज को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। वे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के करीब पहुंचकर नारेबाजी कर रहे थे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति और ट्राय-लैंग्वेज पॉलिसी लाई है। इसके तहत स्थानीय भाषा के अलावा अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाना अनिवार्य रखा गया है। तमिलनाडु सरकार इसका विरोध कर रही है। उसका कहना है कि हम पर हिन्दी जानबूझकर थोपी जा रही है। डीएमक सांसद इसी का विरोध कर रहे हैं। विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि डीएमके के लोग बेईमान हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उनका एकमात्र काम भाषा की बाधाएं खड़ी करना है। वे राजनीति कर रहे हैं। वे अलोकतांत्रिक और असभ्य हैं। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति और तीन भाषाओं के विवाद पर कहा कि जिनके पास कोई तथ्य नहीं है, वे केवल हल्ला करके विषय को भ्रमित करना चाहते हैं। पिछले दिनों भारत सरकार की तमिलनाडु सरकार से चर्चा हुई थी। इसमें समझौते का एक रास्ता भी निकला था। उसी रास्ते पर तमिलनाडु सरकार राजी हो जाए, हमें उन्हें पीएम श्री एलोकेशन देने में कोई आपत्ति नहीं है।

## गणेशगढ़ तक के किसानों को अब नहीं देना होगा टोल टैक्स: बिहाणी

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** किसानों की वर्षों से लंबित गणेशगढ़ तक के सड़क मार्ग को टोल फ्री करने की मांग को विधायक जयदीप बिहाणी के हस्तक्षेप से टोल ठेकेदारों ने मंजूर कर लिया। अब गणेशगढ़ तक के सभी रहवासियों पर टोल नहीं लगेगा। विधायक जयदीप बिहाणी ने बताया कि वे रविवार को गणेशगढ़ तक के सड़क मार्ग को टोल फ्री किए जाने की मांग को लेकर किसानों द्वारा धरना दिए जाने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे। टोल ठेकेदार से वार्ता के दौरान टोल टैक्स को लेकर समझौता वार्ता सफल रही। इस अवसर पर डॉ बृजमोहन सहारण,इंद्र सैन कासनियां, नरेंद्र पारीक, विनोद ताखर के अलावा एसडीएम रणजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राहुल यादव मौजूद थे। समझौता वार्ता में तय हुआ कि अब किसान सरपंच से लिखवाकर टोलकर्मियों को वाहन नंबर देंगे। टोलकर्मी सरपंच के लिखे गाड़ी नंबर देखकर टोल फ्री करेंगे। इससे पूर्व किसानों ने धरना लगा कर सड़क मार्ग अवरूद्ध कर दिया था।

## सरकारी शिक्षकों के पदोन्नति का रास्ता साफ

**जनमार्ग न्यूज**

**नागौर।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर रविवार को नागौर दौरे पर रहे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री दिलावर ने शिक्षकों को लेकर बड़ा एलान कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने पांच साल के कार्यकाल के दौरान शिक्षकों की पदोन्नति नहीं की। वर्तमान सरकार 50 हजार शिक्षकों की पदोन्नति करेगी। इसके साथ ही नई शिक्षक भर्ती की जाएगी। दिलावर ने कहा कि अब बोर्ड परीक्षाओं में कम नंबर आने पर बच्चों को उत्तर पुस्तिकाओं की री-टोटलिंग के साथ री-चेकिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे बच्चे को किसी प्रकार की शंका नहीं रहेगी। री-चेकिंग की व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गणित विषय करेंगे। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रश्न पत्र अब तीन-चार खंडों में विभाजित कर विभिन्न विशेषज्ञों से तैयार कराए जाएंगे।

## कलक्टर के फर्जी हस्ताक्षर से बनाया नियुक्ति पत्र

● नौकरी दिलाने के नाम पर की 1 लाख की धोखाधड़ी
● भाजपा कार्यकारिणी सदस्य गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में एक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। तथाकथित भाजपा कार्यकर्ता ईश कोचर ने श्रीगंगानगर कलेक्टर मंजू के फर्जी हस्ताक्षर से नियुक्ति आदेश बनाकर एक व्यक्ति से एक लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित मुकेश कुमार 2013 में नगरपालिका सादुलशहर में सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्त हुआ था। 2014 में दो से अधिक बच्चे होने के कारण उसे नौकरी से निकाल दिया गया। मुकेश ने जोधपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया। इसी



दौरान आरोपी ईश कोचर ने मुकेश से संपर्क किया। उसने नौकरी दिलाने का वादा किया। ईश ने मुकेश से दस्तावेज लेकर कलेक्टर कार्यालय में जमा किए। 27 फरवरी को उसने मोबाइल से एक पुनर्नियुक्ति आदेश भेजा। नगर परिषद के कर्मचारियों ने इस आदेश को फर्जी बताया। मुकेश के अनुसार, ईश कोचर ने फर्जी आदेश दिखाकर उससे पैसों की मांग की। इससे पहले भी वह एक लाख रुपए की धोखाधड़ी कर चुका था। कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। भाजपा के श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह मान ने बताया कि पुरानी भाजपा कार्यकारिणी में ऐसे नाम का कोई व्यक्ति नहीं था और नई कार्यकारिणी तो अभी बनी ही नहीं हैं। इसलिए साफ है कि ये व्यक्ति भाजपा की किसी भी कार्यकारिणी में सदस्य नहीं है और ना ही मैं ऐसे किसी व्यक्ति को जानता हूं।

## किराया मांगने पर दुकानदार से गाली-गलौज

**जनमार्ग न्यूज**

**हनुमानगढ़।** दुकानों का किराया नहीं देने, अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज कर दुकान से बाहर निकालने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक व्यक्ति ने अपने ताया ससुर और उनके दो बेटों के खिलाफ टाउन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार श्याम सुन्दर लालवानी (35) पुत्र परमानन्द सिंधी निवासी सिंधी कॉलोनी पाली पीएस कोतवाली पाली हाल रोशन रेजिडेंसी अपार्टमेंट, सहकार मार्ग जयपुर पीएस ज्योति नगर ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसकी दो दुकानें टाउन की सिंधी कॉलोनी में खेत्रपाल मार्केट तहबाजारी में स्थित हैं। उसने दोनों दुकान 2019 में अपने ताया ससुर जयकिशन को किराए पर दी थीं।

## खाटू में बाबा श्याम नगर भ्रमण पर निकले

**जनमार्ग न्यूज**

**सीकर।** खाटू में फाल्गुनी एकादशी के मुख्य मेले पर 125 किलो चांदी से बने डेढ़ करोड़ रुपए के भव्य रथ में बाबा श्याम का नगर भ्रमण निकला। इस दौरान भक्तों की भीड़ रथ को छूने के लिए आगे बढ़ी, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया। रविवार रात से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ जमा है। सभी 14 लाइन फुल हैं और 75 फीट ग्राउंड पर हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए कतारबद्ध हैं। भक्तों पर ठंडे पानी और इत्र की बौछार की जा रही है। यात्रा प्राचीन श्याम कुंड से शुरू होकर, अस्पताल चौराहा और पुराना बस स्टैंड होते हुए मुख्य बाजार के कबूतर चौक पर समाप्त होगी। नगर भ्रमण में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज दोपहर बाद खाटू के लक्खी मेले में शिरकत करेंगे। वहीं, रींगस रोड पर श्रद्धालु की जेब से मोबाइल निकालते समय आरोपी को भीड़ ने धर दबोचा।

## राजस्थान कांग्रेस में निष्क्रिय पदाधिकारियों की होगी छुट्टी

● डोटासरा के दिल्ली दौरे के बाद बना मास्टर प्लान

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस ने निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाने की कवायद की है। अलवर में भी ऐसे पदाधिकारियों की छुट्टी की जाएगी। इसके लिए सभी 11 विधानसभा सीटों पर प्रभारी लगाए गए हैं। ये प्रभारी इन विधानसभा क्षेत्रों में जाकर बैठक लेने के साथ ही कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगे। बता दें कि पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के दिल्ली दौरे के बाद यह मास्टर प्लान बनाया गया है। ऐसे में अब राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कवायद शुरू हो गई है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 200 समन्वयक नियुक्त किए जाएंगे। साथ ही प्रदेश में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाया जाएगा और उनकी जगह पार्टी के लिए पूरी निष्ठा



से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा। अलवर शहर सीट प्रभारी और पीसीसी सचिव कृष्णा शर्मा ने रविवार को फूलबाग में एआईसीसी महासचिव जितेंद्र सिंह और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से मुलाकात की। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि एआईसीसी से निर्देश मिले हैं कि अलवर विधानसभा क्षेत्र के निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना है। जो लंबे समय से निष्क्रिय हैं, उन्हें हटाना है और ऐसे सदस्यों को जोड़ना है जो पार्टी को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले भर में कई ऐसे सदस्य हैं जो न तो पार्टी की मीटिंग में पहुंचे और न ही पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। अलवर जिले की सभी 11 विधानसभा में पीसीसी ने जो प्रभारी लगाए गए हैं। वो आएंगे ब्लॉक और उसकी कार्यकारिणी के साथ ही मंडल अध्यक्ष, एमएलए व उमीदवार सहित प्रमुख कांग्रेस नेताओं की बैठक लेंगे। इनसे फीडबैक लिया जाएगा। उसके आधार पर सक्रिय और निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाया जाएगा। पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सभी प्रभारियों की बैठक ली थी। उसमें सभी प्रभारियों को अपने-अपने विधानसभा सीट पर बैठक लेने के निर्देश दिए हैं।

## वाणिज्यिक न्यायालय ने दिया ऋण वसूली का निर्णय

● युवा अधिवक्ता आकाश मेहरा ने की बस की पैरवी

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** सुच्चा सिंह पुत्र गुरुदत्त सिंह निवासी दुल्लापुर केरी श्रीगंगानगर ने 14 सिंतबरको राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक से 1189000 का ऋण 14.25 की ब्याज दर से लिया था और उसकी एवज में अपनी कृषि भूमि दृष्टि बंधन की थी और अन्य दस्तावेज बैंक को निष्पादित किए थे। लोन लेने के बाद सुच्चा सिंह ने लोन की किश्तें अदा करना बंद कर दिया और बैंक के बार-बार बकाया की मांग करने के बावजूद लोन की राशि का संदाय नहीं किया था। सुच्चा सिंह को मध्यस्थ हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में समझौता हेतु भी बुलाया गया परंतु सुच्चा सिंह को दो बार नोटिस शामिल होने के बाद भी सुचा सिंह समझौता हेतु नहीं आया इसके पश्चात बैंक ने वाणिज्यक न्यायालय में सिविल दावा 18.9.2024 को पेश किया गया परंतु सुच्चा सिंह कोर्ट द्वारा सम्मन भेजे जाने के बावजूद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं आया जिसके कारण न्यायालय द्वारा सुच्चा सिंह के विरुद्ध 1693675 रुपए मय ब्याज की वसूली का निर्णय पारित किया और साथ ही दौराने वाद ब्याज सहित अदायगी का निर्णय दिया। बैंक की ओर से मामले की पैरवी युवा अधिवक्ता आकाश मेहरा ने की।

अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083, 76657-85893 पर देवें। E-mail: dainikjanmarg@gmail.com

## सम्पादकीय

### बदल डालें आदत

यह कितना बड़ा संकट है, इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि आने वाले समय में हर परिवार में कोई एक मोटापे से ग्रस्त होगा। ऐसी स्थिति को टालने के लिए ही प्रधानमंत्री नागरिकों को जागरूक करना चाहते हैं। भारत में जिस तरह लोगों की जीवन शैली बदली है, उसके दुष्परिणाम अब सामने आने लगे हैं। मोटापा उनमें से एक है। इस समस्या ने बड़ी संख्या में लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। शहरों में रहने वाली लगभग एक तिहाई आबादी मोटापे की शिकार है। इसे अब महज वजन बढ़ने के रूप में नहीं लिया जा सकता। मोटापे की वजह से जिस तरह हृदयरोग, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं, वह चिंता का विषय है। इसने कैंसर के जोखिम तक को बढ़ा दिया है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में भारत में मोटापे की दर लगभग दोगुनी हो गई है। यह किस कदर जानलेवा हो सकता है इसे लेकर प्रधानमंत्री ने जो चिंता जताई है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। उन्होंने देश के नागरिकों को आगाह किया है कि वर्ष 2050 तक चौवालीस करोड़ से अधिक भारतीय मोटापे से ग्रस्त हो जाएंगे। निस्संदेह यह आंकड़ा डरावना है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि अब बच्चे भी मोटापे का शिकार हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट के मुताबिक बचपन और किशोरावस्था में मोटापा भविष्य में उनके जीवन की गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा को कमजोर कर देता है। यह कितना बड़ा संकट है, इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि आने वाले समय में हर परिवार में कोई एक मोटापे से ग्रस्त होगा। ऐसी स्थिति को टालने के लिए ही प्रधानमंत्री नागरिकों को जागरूक करना चाहते हैं। आज मोटापे की वजह से न केवल युवा, बल्कि सभी उम्र के लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं, तो इसके मूल कारणों को समझने और सजग होने की जरूरत है। हम अपनी कुछ आदतें बदल लें, तो खुद को मोटापे से बचा सकते हैं। दरअसल, तैलीय, डिब्बाबंद भोजन तथा शारीरिक गतिविधियां कम होने से देश में मोटापे की समस्या पुरुषों और महिलाओं में समान रूप से बढ़ी है। जाहिर है कि अब यह समस्या व्यक्तिगत नहीं रह गई है। भविष्य में मोटापे के शिकार होने वालों की इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए समाज और पूरे देश के लिए विचारणीय सवाल है कि हम इस समस्या से कैसे बाहर निकलेंगे?

# ट्रम्प के रवैये से 'भरोसे' को झटका

अगर ट्रम्प 'सुरक्षा शुल्क', खनिज या जमीन की मांग कर सकते हैं तो आगे यह भी मांग की जा सकती है कि हमारे गुलाम बन जाओ या चीन या रूस के रहम पर रहो। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने कई बार अंतरराष्ट्रीय नियमों और कूटनीतिक परंपराओं की अनदेखी की है। चाहे वह जलवायु समझौते से बाहर होना हो, विश्व स्वास्थ्य संगठन की फंडिंग रोकना हो, या फिर ईरान के साथ परमाणु समझौते को तोड़ना, इन सभी फैसलों में शक्ति प्रदर्शन और आत्मकेंद्रित नीतियों की झलक साफ दिखाई दी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का रवैया बताता है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नैतिकता और मूल्यों की जगह सैन्य और आर्थिक शक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।

अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन या तो अपनी आधी खनिज संपदा उसे देने का सौदा करे या अपनी जमीन का करीब पांचवां भाग छोड़ दे, वहीं 'नाटो' का सदस्य बनने या किसी दूसरी तरह की सुरक्षा गारंटी हासिल करने की बात तो भूल ही जाए। फरवरी के अंतिम दिन अमेरिका दौरे के दौरान इससे इनकार पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को व्हाइट हाउस से निकाल दिया गया। ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की बातचीत की हालत में नहीं है। जेलेंस्की ने फिर से ट्रम्प के साथ बातचीत करने की इच्छा जाहिर की, लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया गया।

ट्रंप ने इससे पहले कनाडा को अमेरिका का 51वां सूबा बनाने की बात कही थी। ग्रीनलैंड को खरीदने और गाजा को फलस्तीनियों से खाली करवाने की बात भी वे कह चुके हैं। यूरोप को वे यह कहकर रोने पर मजबूर कर रहे हैं कि उन्हें बे-लगाम पुतिन का सामना अपने ही बूते करना पड़ेगा। अब सवाल यह नहीं है कि ट्रम्प इन धमकियों पर अमल करेंगे या नहीं। मुद्दे की बात यह है कि कोई भी संप्रभुता-संपन्न देश ऐसी धमकियों को महज लफ्फाजी मानकर खारिज नहीं कर सकता। यहां भरोसा तोड़ा गया है। अगर ट्रम्प 'सुरक्षा शुल्क', खनिज या जमीन की मांग कर सकते हैं तो आगे यह भी मांग की जा सकती है कि हमारे गुलाम बन जाओ या चीन या रूस के रहम पर रहो।

हो सकता है ट्रम्प ग्रीनलैंड ले जाएं, शी जिनपिंग ताइवान ले उड़ें और पुतिन बाल्टिक्स का कुछ हिस्सा दबोच लें। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने कई बार अंतरराष्ट्रीय नियमों और कूटनीतिक परंपराओं की अनदेखी की है। चाहे वह जलवायु समझौते से बाहर होना हो, विश्व स्वास्थ्य संगठन की फंडिंग रोकना हो, या फिर ईरान के साथ परमाणु समझौते को तोड़ना, इन सभी फैसलों में शक्ति प्रदर्शन और आत्मकेंद्रित नीतियों की झलक साफ दिखाई दी। ट्रम्प का रवैया बताता है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नैतिकता और मूल्यों की जगह सैन्य और आर्थिक शक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।

यह स्थिति उस कहावत को चरितार्थ करती है- 'जिसके पास लाठी, उसकी भैंस।' अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर नजर रखने वाले जानते हैं कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन थे, तब यूक्रेन को अमेरिका और यूरोपीय देशों की ओर से दी जा रही मदद लोकतंत्र को बचाने की जंग थी। उन्हें अहसास था कि अगर पुतिन की मनमानी को नहीं रोका तो वह विस्तारवादी नीतियों पर आगे बढ़ते रहेंगे। आपको बता दें कि पुतिन के बारे में माना जाता रहा है कि वे सोवियत संघ के दौर के साम्राज्यवाद को फिर से स्थापित करना चाहते हैं। पोलैंड, स्लोवाकिया, लातविया, एस्टोनिया और मोल्दोवा पुतिन के निशाने पर हैं। उन्होंने 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया छीना था। 2022 के बाद युद्ध में भी पुतिन यूक्रेन के कई क्षेत्रों पर कब्जा करने में कामयाब रहे हैं। यूक्रेन के सहयोगी यूरोपीय देश चाहते हैं कि युद्ध पुतिन की शर्तों पर खत्म नहीं करना चाहिए।

युद्ध खत्म करवाने की एवज में रूसी राष्ट्रपति से भी रियायतें हासिल करनी चाहिए। ट्रम्प से मिलने के बाद जेलेंस्की ने भी कहा कि यूक्रेन तब तक रूस के साथ पीस डील में शामिल नहीं होगा जब तक कि उसे सुरक्षा की पूरी गारंटी नहीं मिल जाती। अमेरिकी राष्ट्रपति



डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में जिस प्रकार 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत मनमानी और शक्ति प्रदर्शन को प्राथमिकता दी गई, उसने वैश्विक संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है। उनकी विदेश नीति, व्यापार समझौतों से लेकर सैन्य हस्तक्षेप तक, एक ही संदेश देती है- 'जिसके पास शक्ति है, वही नियम तय करेगा।' यह दृष्टिकोण न केवल अमेरिका की वैश्विक छवि को बदल रहा है, बल्कि अन्य महाशक्तियों को भी इसी राह पर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है, जिससे दुनिया में अराजकता की आशंका बढ़ रही है।

हो सकता है चीन ताइवान को अपने में मिलाने के लिए जंग छेड़ दे। हाल ही में शी चिनफिंग ने कहा भी है कि ताइवान मसले को वह आने वाली पीढ़ियों की खातिर नहीं छोड़ना चाहते यानी वह अपने कार्यकाल में उसका विलय चीन में करना चाहते हैं। आपको बता दें कि 1994 में यूक्रेन ने रूस, यूरोप और अमेरिका से सुरक्षा की गारंटी मिलने के बाद परमाणु हथियारों के अपने भंडार को त्याग दिया था। आज यूक्रेन के हालत देखकर अब कौन ऐसे शांति प्रस्तावों पर भरोसा करने का साहस करेगा। ट्रम्प साफ़ कह रहे हैं कि किसी की भी सुरक्षा अमेरिका का सिरदर्द नहीं है। ऐसे में क्या होगा जब ट्रम्प जापान से कहेंगे कि मुझे ओकिनावा दे दो या ऑस्ट्रेलिया से कहें कि अमेरिका से सुरक्षा गारंटी की कीमत के रूप में अपने खनिज संसाधन का पांचवां हिस्सा हमें दे दो। ऐसी ही आशंकाओं को देखते हुए यूरोप के अलावा जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अमेरिका के सभी मित्र देश उससे मिल रही सुरक्षा गारंटियों की समीक्षा कर सकते हैं। ट्रम्प ने परमाणु अप्रसार के विचार की हत्या कर दी है। परमाणु हथियार फिर से युद्ध-प्रतिरोधक बन गए हैं। आज उत्तरी कोरिया के किम जोंग उन यूक्रेन और यूरोप की हालत पर हंस रहे होंगे और सोच रहे होंगे कि अगर उन्होंने अमेरिकी अतिक्रमण के जवाब में दक्षिण कोरिया या जापान पर परमाणु हमला करने की चेतावनी न दी होती तो क्या अमेरिका उन्हें सलामत रहने देता? ईरान इस सब पर नजर रखे हुए है। अगर पाकिस्तान उन्हें बना सकता है तो कोई भी बना सकता है।

मध्य-पूर्व में ईरान, सऊदी अरब और क्या पता दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, अजरबैजान और मिस्र भी आज के हालत में इनके बारे में सोच रहे हों। कभी परमाणु अप्रसार की पक्षधर अमेरिकी लॉबी भारत पर दबाव बना रही थी कि वह परमाणु हथियार न बनाए। अमेरिका से कई उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए, यह समझाने के लिए कि हम व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर दस्तखत कर दें। दबाव का यह सिलसिला नेहरू से लेकर तब तक चला, जब तक कि इंदिरा गांधी ने 1974 में परमाणु परीक्षण और इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने पोखरण-2 करके इसे खत्म नहीं कर दिया। हमारे देश में भी शांतिवादियों ने वैचारिक या नैतिक आधार पर परमाणु बम बनाने पर विरोध किया था। तब हमारे नेता अडिग रहे। शायद इसके पीछे उनकी यह दूरदर्शिता थी कि एक दिन ऐसा आएगा जब सुरक्षा की कोई गारंटी काम नहीं आएगी। यदि वैश्विक राजनीति में शक्ति और स्वार्थ को ही नीति बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती रही, तो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अस्थिरता और अराजकता का खतरा और बढ़ेगा।

संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं पहले से ही कमजोर पड़ रही हैं और यदि बड़े देश अपनी मनमानी पर उतर आए, तो छोटे और विकासशील देशों के लिए संकट उत्पन्न हो जाएगा। इसके अलावा, यदि महाशक्तियां अपने आर्थिक और सैन्य बल के आधार पर नीतियां लागू करेंगी, तो वैश्विक शांति खतरे में पड़ सकती है और नए संघर्षों की संभावना बढ़ सकती है। इस चुनौतीपूर्ण समय में संतुलन और नैतिकता आधारित कूटनीति की जरूरत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

# परमाणु हथियार नहीं होने से यूक्रेन लाचार

खुद की शक्ति नहीं होने की लाचारी मनुष्य या किसी देश को कहां लाकर खड़ा कर देती है, इसका जीता-जागता उदाहरण यूक्रेन और उसके राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की हैं। यूक्रेन के जब वे राष्ट्रपति बने थे, तब वे हास्य कलाकार थे, उन्हें राजनीति का कोई अनुभव नहीं था। इसी का परिणाम रहा है कि वे आज दुनिया की दो महाशक्तियों अमेरिका और रूस के बीच असहाय बने हास्यास्पद स्थिति से दो-चार हो रहे हैं। यूक्रेन का स्वाभिमान टूट चुका है। उसे अमेरिका युद्ध समाप्त करने की धमकी के साथ दुर्लभ खनिज संपदा छीन लेने के लिए भी मजबूर कर रहा है। बावजूद उसे सुरक्षा की कोई गारंटी तो दी ही नहीं जा रही, बल्कि रूस और चीन की दया पर जीते रहने की परिस्थितियां निर्मित की जा रही हैं। यह स्थिति किसी भी संप्रभुता वाले देश के लिए परतंत्रता स्वीकार लेने जैसी है। इस स्थिति को यूक्रेन इसलिए विवश है, क्योंकि उसने सोवियत संघ के विघटन के बाद 1994 में परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद उन्हें नष्ट कर देने की बड़ी भूल की थी। आज वह परमाणु निरस्त्रीकरण के दुष्परिणाम झेलने को मजबूर है। जबकि भारत ने परमाणु परीक्षण से जुड़ी इस संधि पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। भारत की ओट लेकर पाकिस्तान ने भी यही रुख अपनाया था। अगस्त-1999 में भारत सरकार ने इस सिद्धांत का एक प्रस्ताव भी जारी किया था। इसमें कहा गया था कि 'परमाणु हथियार केवल निरोध के लिए हैं और भारत केवल प्रतिशोध की नीति अपनाएगा। 'अर्थात भारत कभी स्वयं आगे बढ़कर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा। आईसीएएन संगठन अंतरराष्ट्रीय संधि के माध्यम से दुनिया को परमाणु हथियार मुक्त बनाने के प्रयासों में जुटा है। संगठन के प्रयासों पर सहमति जताते हुए 122 देशों ने परमाणु हथियारों को प्रतिबंधित करने की संधि भी कर ली है। संयुक्त राष्ट्र संघ की जब 1945 में स्थापना हुई थी, तब उसका मुख्य उद्देश्य विश्व फलक पर परमाणु निरस्त्रीकरण ही था, लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि इस वैश्विक संस्था के अस्तित्व में आने के बाद से ही परमाणु हथियार रखने वाले देशों की संख्या तो बढ़ ही रही है, परमाणु और हाइड्रोजन बमों की संख्या भी बढ़ रही है। जो देश परमाणु संपन्न हैं, वे अब तक परमाणु व अप्रसार संधि (एनपीटी) पर दस्तखत करने को तैयार नहीं हुए हैं। इन देशों में अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, इजराइल और उत्तर-कोरिया शामिल हैं। यदि ये देश इन हथियारों को चिंगारी दिखा दें तो पूरा ब्रह्माण्ड तहस-नहस हो जाएगा। आईसीएएन के प्रयास से 122 देशों ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए हैं। इस लिहाज से इस संस्था का परमाणु युद्ध संबंधी खतरा टालने में अहम भूमिका सामने आई है। हालांकि परमाणु संपन्न देशों द्वारा संधि पर दस्तखत नहीं करने के कारण यह संकट यथावत बना हुआ है। इसी परमाणु शक्ति को स्वाहा कर देने के कारण यूक्रेन ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन जैसे निष्ठुर पाटों के बीच पिस रहा है। ट्रंप यूक्रेन पर युद्ध समाप्ति से पहले बड़ा दुर्लभ खनिज संपदा का सौदा करने की तैयारी में है। यह सौदा अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी गई अमेरिकी सैन्य मदद के बदले में किया जा रहा है। जबकि युद्ध थोपते वक्त ऐसी कोई शर्त यूक्रेन के समक्ष अमेरिका ने नहीं रखी थी। जेलेंस्की ने कहा भी है कि अमेरिका उन पर 500 अरब डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर करने का दबाव बना रहा है, लेकिन भविष्य में रूस से सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं दी जा रही है। यदि जेलेंस्की इस सौदे पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं तो भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद अमेरिका द्वारा नहीं दी जाएगी। हालांकि जेलेंस्की ने यह जरूर भरोसा दिया था कि यदि यूक्रेन में शांति स्थापना होती है तो वे नाटो देशों की सदस्यता मिलने पर राष्ट्रपति पद छोड़ देंगे। इधर इस सौदेबाजी के परिप्रेक्ष्य में पुतिन ने भी अमेरिकी कंपनियों को रूस के साथ व्यापारिक समझौतों के लिए आमंत्रित किया है। पुतिन ने कहा है कि यदि अमेरिकी कंपनियां चाहें तो रूस ने यूक्रेन की जिस भूमि पर कब्जा किया है, उस क्षेत्र में खनिज संपदा का दोहन कर सकती हैं। साथ ही रूस ने साइबेरिया क्षेत्र में भी खनिज संपदा के उत्खनन के लिए भी कहा है। इस क्षेत्र में अत्यंत दुर्लभ खनिजों की उपलब्धता है। एक तरह से रूस ने अमेरिका के साथ मिलकर खनिज व्यापार की जो लकीर खींच दी है, उससे यूक्रेन की स्थिति उस लाचारी की अवस्था में आ गई है, जहां वह अपना अभिमान, अखंडता और संप्रभुता की गरिमा बचाए रखने की स्थिति में नहीं रह गया है। यदि यूक्रेन ने परमाणु अप्रसार संधि पर दस्तखत नहीं किए होते तो वह इस लाचारी को प्राप्त नहीं हुआ होता।

## आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

## जीवन में सब ईश्वर की दया ही है

एक बार एक अमीर सेठ के यहां एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएं दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्धावना पर संदेह करना ठीक नहीं। असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

# कुछ भी सुंदर दिखे तो करें तारीफ



क्या आपने कभी किसी अजनबी की तारीफ की है? कल्पना कीजिए कि आप बस में सफर कर रहे हैं और आपके पास एक बुजुर्ग अंकल बैठे हैं, जो फिट और चुस्त-दुरुस्त हैं। आप मुस्कुराते हुए उनकी फिटनेस की तारीफ करते हैं। या किसी कॉलेज जाने वाले लड़के से उसकी ड्रेसिंग सेंस की तारीफ करते हैं। ऐसी छोटी-छोटी तारीफ किसी का दिन बदल सकती है। तारीफ सामने वाले को अच्छा महसूस कराती है। यह एक तरह की पॉजिटिव एनर्जी है, जो एक इंसान से दूसरे इंसान तक फैलती है। हर किसी के पास कुछ न कुछ ऐसा है, जो किसी दूसरे को पसंद आए। हम किसी की कोई अच्छी आदत, ड्रेसिंग सेंस या किसी भी चीज के बारे में तारीफ कर सकते हैं। इससे एक एनर्जी साइकिल बन जाती है, जो सबको खुश कर सकती है। तो क्यों न हम भी इस पॉजिटिव बदलाव का हिस्सा बनें और अपने आसपास की दुनिया को थोड़ा और खूबसूरत बनाएं? जब भी कोई हमारी मेहनत या हमारे किसी काम की तारीफ करता है, तो हम अच्छा महसूस करते हैं। ये एहसास हमें अंदर से खुशी देता है। तारीफ एक जादू की तरह काम करता है, जिससे हम और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं। द पावर ऑफ प्रेज नाम की एक स्टडी के मुताबिक, जब हम बच्चों की मेहनत और उनके प्रयासों की तारीफ करते हैं, तो बच्चे समझते हैं कि वे अपनी क्षमता को और बेहतर कर सकते हैं। इससे बच्चे चुनौतियों से डरते नहीं हैं और हमेशा सीखने के लिए तैयार रहते हैं। वहीं अगर हम बच्चों की बुद्धिमानी या प्रतिभा की तारीफ करते हैं, तो वे यह सोचने लगते हैं कि उनकी क्षमता पहले से तय है और वे इसे बदल नहीं सकते। ऐसे बच्चे असफलता से डरते हैं और मुश्किल कामों से बचने की कोशिश करते हैं। तारीफ सिर्फ काम की नहीं, व्यक्तित्व की भी हो सकती है। अगर कोई दयालुता या समझदारी के लिए हमारी सराहना करता है, तो हमें अपने आप पर गर्व महसूस होता है। ये सिर्फ हमारे लिए ही नहीं, बल्कि हमारे रिश्तों के लिए भी फायदेमंद है। जब हम किसी की तारीफ करते हैं, तो उनके साथ हमारे संबंध और मजबूत होते हैं। तारीफ करने से सकारात्मक माहौल बनता है, जिससे लोग खुशी महूसस करते हैं और अपनापन बढ़ता है। तारीफ न सिर्फ सुनने वाले को अच्छा महसूस कराती है, बल्कि हमारे रिश्तों को भी मजबूत बनाती है। जब हम किसी की सच्चे दिल से तारीफ करते हैं, तो सामने वाले को लगता है कि हम उन्हें पसंद करते हैं और उनकी कद्र करते हैं। इससे हमारे बीच एक खास बॉन्डिंग बनती है। ऐसे में हम लोगों से ज्यादा घुलते-मिलते हैं, उनके साथ सहज महसूस करते हैं। साथ ही एक-दूसरे के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं। जब आप किसी की तारीफ करते हैं, तो उन्हें लगता है कि आप उन्हें समझते हैं और उनकी कद्र करते हैं। इससे रिश्तों में विश्वास और सम्मान बढ़ता है। तारीफ करने से आप दूसरों के प्रति अधिक सहानुभूति रखते हैं। जब आप दूसरों की अच्छाइयों को देखते हैं, तो आप उन्हें बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। तारीफ करने से आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं। जब आप किसी की तारीफ करते हैं, तो उन्हें लगता है कि आप उन्हें पसंद करते हैं और उनकी परवाह करते हैं। एक-दूसरे की प्रशंसा करने से सकारात्मक माहौल बनता है। जब सब एक-दूसरे की तारीफ करते हैं, तो सब खुश रहते हैं और काम करने में मन लगता है। तारीफ करने से इमोशनल सपोर्ट मिलता है। जब कोई उदास होता है और उसकी तारीफ की जाती है तो उसे अच्छा महसूस होता है। जब हम किसी की तारीफ करते हैं, तो उसे बहुत अच्छा लगता है। जब कोई अच्छा महसूस करता है, तो वह अच्छे काम करता है और हमेशा खुश रहता है। इससे उसके आस-पास के लोग भी खुश रहते हैं। लोगों की तारीफ करना भी खुशियां बांटने का एक तरीका है। पॉजिटिव इमोशन का संचार होता है जब हम किसी की तारीफ करते हैं, तो हम उस व्यक्ति में सकारात्मक भावनाओं का संचार करते हैं। यह भावनाएं उस व्यक्ति को खुश करती हैं और उन्हें और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती हैं। सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा जब हम किसी की तारीफ करते हैं, तो हम उस व्यक्ति में सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देते हैं। इससे हमारे आसपास का माहौल भी सकारात्मक होता है। पॉजिटिव रिलेशन का निर्माण जब हम किसी की तारीफ करते हैं, तो हम उस व्यक्ति के साथ एक पॉजिटिव रिलेशन बनाने में मदद मिलती है। समाज में सहयोग और सामंजस्य किसी की तारीफ करने से सामने वाला महसूस करता है कि उसका योगदान महत्वपूर्ण है। यह सहयोग की भावना को बढ़ाता है। प्रेरणा और उत्साह जब हम किसी की तारीफ करते हैं, तो उसे और अच्छा काम करने की प्रेरणा मिलती है। वह और भी मेहनत करता है और बेहतर बनने की कोशिश करता है। सकारात्मक ऊर्जा का संचार जब हम किसी की तारीफ करते हैं, तो हम उस व्यक्ति के साथ एक सकारात्मक संबंध बनाते हैं। यह संबंध हमारे आसपास के माहौल को भी सकारात्मक बनाता है। दूसरों को प्रेरित करते हैं- जब कोई बेहतर काम करता है और हम उसकी तारीफ करते हैं तो उसकी यह ऊर्जा उसके आस-पास के लोगों को भी प्रभावित करती है और उनमें उत्साह का संचार करती है। माहौल खुशनुमा होता है- जब हम दूसरों की तारीफ करते हैं, तो हम अपने आसपास एक सकारात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल तैयार करते हैं। यह माहौल हमारे रिश्तों को और भी बेहतर बनाता है।

# जनमार्ग सिटी न्यूज

JANMARG news







## महिलाओं के नैतिक मूल्य समाज को सशक्त और समृद्ध बनाते हैं: बीके मोहिनी

### ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र में मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं के योगदान पर संगोष्ठी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में 100 से अधिक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ निदेशिका ब्रह्माकुमारी? राजयोगिनी मोहिनी दीदी ने कहा- महिलाएं समाज की नींव होती हैं। उनके नैतिक मूल्य समाज को सशक्त एवं समृद्ध बनाते हैं। वे बच्चों को संस्कार, ईमानदारी और सद्भावना की शिक्षा देकर उन्हें आदर्श नागरिक बनाती हैं। महिलाओं की शिक्षा और जागरूकता से समाज में समानता न्याय और नैतिकता को बढ़ावा मिलता है। जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो पूरा समाज उन्नति की ओर अग्रसर होता है। महिलाओं को वाह्य श्रृंगार के साथ-साथ नम्रता, धैर्यता, पवित्रता, साहस, सरलता, हर्षितमुखता, दिव्यता आदि का उन्होंने आंतरिक श्रृंगार करने की सलाह दी।मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना राव ने भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास की बात कही, जो स्वयं महिला, परिवार एवं समाज के लिए श्रैष्ठतम होगा। उन्होंने कहा- श्रेष्ठ सनातन संस्कारों की पुनर्स्थापना में महिलाओं का योगदान ब्रह्माकुमारीज के साथ अतुलनीय है। इस अवसर पर अतिथि अनीता अरोड़ा ने अपने अमूल्य अनुभव साझा किए।बीके ऊषा ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। उन्होंने महिलाओं के मनोरंजक खेलों का संयोजन भी किया।बीके विजय ने मेडिटेशन का महत्व बताते हुए सभी को परमात्म मिलन का अनुभव करवाया।

# बीडीआईएस में महिला दिवस 'उज्ज्वला' मनाया




जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** ब्लूमिंगडेल्स इटरनेशनल स्कूल में 8 मार्च 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस ,उज्जवला, उत्साह व उमंग से मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ मंजू, श्रीमती कविता बीरबल रेगर (जिला प्रमुख) अनूपगढ़ नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका बेलान रही। कार्यक्रम में क्षेत्र की अनेक गणमान्य महिलाएं व आर्ट ऑफ लिविंग की टीचर्स के साथ क्षेत्र की करीब 1000 नारी शक्ति ने भाग लिया । कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्राचार्या डॉ0 मीतू शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस कार्यक्रम की थीम थी- 'उज्जवला चूल्हे से चाँद तक' में खूबसूरत रंग बिरगें परिधानों में सजी नारियों ने अपनी क्षमता का परिचय देते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। राजस्थानी नृत्य में उनका घूमर तो वेस्टर्न डाँस में उनका पश्चिमी अंदाज देखते ही बनता था। 'रैप वॉक' ने तो समां ही बाँध दिया। पंजाबीगीतों व बोलियों से सजे पंजाबी गिद्दा ने सभागार का माहौल ही बदल दिया। तालियों की गड़गड़ाहट में ऐसा लग रहा था कि मानों नारी हर चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार है। 'नव दुर्गा' नृत्य में नौ देवियों का रूप धारण कर विद्यालय की छात्राओं द्वारा नारी शक्ति का परिचय दिया। स्वस्ति मिगलानी द्वारा महिलाओं पर सम्बोधन में प्रेरणादायक कविता 'नारी तुम बस नारी बनना' का रसास्वादन किया गया,जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। शक्ति, करूणा व संस्कार की प्रतीक विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीतू शर्मा, जो स्वयं महिला सशक्तिकरण का उदाहरण व प्रेरणा स्त्रोतहै, उन्होंनें अपने विचार प्रकट करते हुए महिलाओं को समाज की शक्ति बताया और कहा कि नारी विभिन्न भूमिकाओं में मानव जाति का विकास करती है व समाज मे फैली नकारात्कमता का विनाश करती है। यदि उसको अवसर मिले तो वह घर की चारदीवारी से निकलकर चाँद तक अपना परचम लहरा सकती है, जिसके अनेंक उदाहरण आधुनिक इतिहास में देखे जा सकते है। नारी शक्ति ही सभ्यता की पहचान है और नारी सशक्तिकरण हमारा दायित्व है। कहा भी गया है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यते, रमन्ते तत्र देवता' अर्थात् जहाँ नारी का सम्मान होताहै वहाँ देवता निवास करते है। इस कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली अनेक प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया, जो नारी जीवन की सार्थकता को सिद्धकरती है। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक स्टालें भी लगाई गई जिसमें चौपाटी व शोपिंग के लिए बहुत कुछ था जिसका अतिथि गण ने खूब लुफ्त उठाया। 'रंगीला पंजाब' का दृश्य सजाया गया व ब्राइडल मेकअप कर स्मृतियों को यादगार बनाने का अवसर भी दिया गया, जोआर्कषण का केन्द्र रही । महिलाओं को समर्पित इस कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देते हुए फाग महोत्सव में फूलों की होली भी खेली गई व अतिथियों को पौधे वितरित किए गए। भारती चौरिटेबल ट्रस्ट के डॉ एस एल सिहाग, सचिव अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्याम जैन व विद्यालय प्राचार्या डॉ मीतू शर्मा ने आए हुए अतिथियों को धन्यवाद प्रेषित किया।



## दलित एक्शन कमेटी ने अम्बेडकर सर्किल पर किया सफाई श्रमदान

### ❑ हर सप्ताह करेंगे महापुरुषों के चौंक की सफाई

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** दलित एक्शन कमेटी ने गोलबाजार स्थित अम्बेडकर सर्किल से सप्ताहिक सफाई अभियान की शुरुआत की इस दौरान अम्बेडकर सर्किल बहुत ही बदहाल अवस्था में था जगह जगह कचरे के ढेर, प्लास्टिक व शराब की बोतले फेंकी हुई थी। दलित एक्शन कमेटी के सदस्यों ने पहले चौंक पर झाड़ू निकाली फिर पौधों व ग्रिल की सफाई की और उसके बाद बाबा साहेब की स्टेच्यु को शेपू से धोया और पुरे चौंक को वाइपर से पोछा लगाया सफाई के बाद कचरे को नजदीक कचरे के डंपहर में डाला दलित एक्शन कमेटी अध्यक्ष बंटी वाल्मीकि ने बताया की जब आज सुबह दलित एक्शन कमेटी की टीम सफाई श्रमदान करने के लिए अम्बेडकर सर्किल पहुंची तो चौंक पर बहुत बुरी तरह गंदगी फैली हुई थी प्लास्टिक के गिलास, वेस्टज, शराब के पहुए जगह जगह चौंक पर फैले हुए थे ये बहुत दुखदाई थे इस दृश्य को देखकर एकबारगी कमेटी के सदस्य में काफी रोष दिखा अध्यक्ष बंटी वाल्मीकि ने कहा की स्थानीय प्रशासन को महापुरुषों के चौंको की ऐसे अनदेखी नही करनी चाहिए ये बहुत बंटी लापरवाही है सफाई श्रमदान के एस अवसर पर दलित एक्शन कमेटी के संरक्षक कश्मीरी इंदौरा,माणी चायल, नंदू चौहान,कालूराम मेघवाल,पंकज पहलवान, अरुण सोनी, अशोक सुमाली, जुगल डाबी,निवास पिवाल, अमित खन्ना, बिरजू द्रविड़, सोहन नायक, संदीप चौहान,विशाल घुसर,विजय धानका, अर्जुन,मोनू सारवाण, अभिषेक सारवाण, सुरेंद्र डुलगच आदि मौजूद थे इस दौरान समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया की अगले रविवार शहीद भगतसिंह चौंक पर सफाई श्रमदान किया जाएगा

## आज ग्यारस पर फाल्गुन मेले में प्रात: काल से ही उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर, सुदामानगर में श्री श्याम जी सतरंगी फाल्गुन मेंले के पंचम दिवस आज ग्यारस पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रातः काल से ही श्याम श्रद्धालु हाथों में रंग बिरंगी ध्वजाये लिए मंदिर प्रांगण के बाहर खड़े थे । मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि प्रातः 8ः00 बजे से मंदिर प्रांगण में लगातार 17 घंटे का अनवरत कीर्तन प्रारंभ हो गया था । मंदिर प्रांगण में प्रातःकाल से ही ध्वजा यात्राओं का दौर जारी रहा । लगातार श्याम श्रद्धालु रंग बिरंगी ध्वजाये हाथों में लिए नाचते, गाते ,झूमते मंदिर प्रांगण पहुंच रहे थे। लगभग अलग-अलग 15 से 20 स्थानों से भी ध्वजा यात्राऐ मंदिर प्रांगण में पहुंची । इस बार के मेले में तो प्रतिदिन ग्यारस का दिन ही लग




रहा है। लेकिन आज ग्यारस पर तो ऐसे लग रहा था मानो ध्वजा यात्राएं लगातार ही पूरे दिन भर चल रही थी । प्रत्येक यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालु नाचते, गाते, भजनों की धुनो पर मस्त होकर दरबार में पहुंचे । कई ध्वज यात्राओं में तो गुलाल से होली भी खेली गई । मंदिर प्रांगण के बाहर आतिशबाजी भी की गई। मंदिर के संचालक दीनदयाल शेरेवाला ने बताया कि प्रातः 8ः00 बजे से विशाल भजन संध्या प्रारंभ हुई। जिसमें शहर के सभी प्रमुख भजन प्रवाहक हनी बवेजा, केके शर्मा के संयोजन मे अनेक भजन प्रवाहको ने अपने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम को रिझाया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के भोग बाबा को लगा कर आए हुए श्रद्धालुओं में वितरित किए गए । सेवादारों की टीम आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए डटी हुई थी । ताकि हर श्रद्धालु को बाबा श्याम के सुगम व सरल दर्शन हो सके। शेरेवाला ने बताया आज रात्रि 151 पौंड का केक बाबा को अर्पित किया जाएगा और रात्रि में भव्य आतिशबाजी की जाएगी।



## सत्संग भवन में लंगर लगाया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री गुरु अर्जुन दास सत्संग भवन के संस्थापक एवं श्री रूद्र हनुमान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गुरु अर्जुन दास जी द्वारा रविवार को सत्संग भवन में 632 वा लंगर लगाया गया। लंगर में केसर युक्त दूध व देशी घी निर्मित हलवा के प्रसाद का श्री रुद्र हनुमान जी को भोग लगाकर वितरण व,पोडर व हर्बल गुलाल भी वितरण किया गया। समिति द्वारा सेवाएं श्री गुरु अर्जुन दास, हुकुम देवी, संगठन मंत्री सतपाल कोर, अनुज मल्होत्रा, पंडित नरेश शर्मा, आशा रानी, सुभाष छाबड़ा, राजेश अंगी, एम डी सतीश, राजरानी, दिया, खुशी, निशा, मीकीं नवनीत मलोट, साहिल, देवेंद्र, संजू, जगतार सिंह, सिद्धू, पूनम, महेंद्र भटेजा, अवशेक गुप्ता ऊशा गुप्ता व अन्य सदस्यों द्वारा दी गई। सभी ने तन मन से सेवा दी। श्री गुरु अर्जुन दास जी महाराज द्वारा होली के त्यौहार की सभी को शुभकामनाएं दी और सभी से विनम्र अनुरोध किया गया कि होली पर पक्के रंगों एवं पानी का उपयोग न करें। इसे शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। हर्बल गुलाल व फूलों की होली खेले। सत्संग भवन में हर्बल गुलाल का वितरण भी किया गया।

## गणेश जी महाराज का पंचामृत अभिषेक हुआ

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ रोड स्थित सफेद चूहों वाले मनोकामना सिद्धि गणेश मंदिर में सोमवार 10 मार्च 2025 को प्रात- 7.30 बजे भगवान श्रीगणेश का पुष्य स्नान एवं सवामन पंचामृत अभिषेक किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी राम बाबू ने बताया कि इस मौके पर मुख्य यजमान नरेश गर्ग थे। मंदिर समिति के अध्यक्ष श्याम जैन ने बताया कि विधि विधान के साथ मंत्रों का उच्चारण कर भगवान गणेश को दुग्धाभिषेक व पंचामृत (जोकि पांच अमृतों से मिलकर बना होता है द्वारा अभिषेक किया जाता है। मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी आकाश गुंबर ने बताया कि इस अवसर परभगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर उनका विशेष श्रृंगार कर सिंदूर का चोला चढ़ाया गया। तत्पश्चात पंचामृत के प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया। गुंबर ने बताया कि पुष्य स्नान व रक्षा सूत्र बंधवाने से भगवान श्रीगणेश हर



संकट से बचाते हैं और जीवन को खुशियों से भर देते हैं और साथ ही हर शुभ कार्य को सिद्ध कर देते हैं। गुम्बर ने बताया कि पंचामृत सवामन दुध, दही, घी, शहद व बुरा से तैयार किया जाता है।

## भारत विकास परिषद के तृतीय निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर से 115 जने लाभान्वित

### 55 नेत्र रोगी निश्शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारत विकास परिषद, प्रताप शाखा, श्रीगंगानगर द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु तृतीय निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नं. 6, जाट धर्मशाला के पीछे, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर में किया गया। शिविर प्रभारी सुभाष धींगड़ा व ताराचंद खत्री ने बताया कि नेत्र जांच शिविर में श्री जगदम्बा धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के डॉ. सुखवंत सिंह द्वारा 115 महिलाओं-पुरुषों की आँखों की निश्शुल्क जांच की गई तथा 55 नेत्र रोगी निश्शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए, जिनका 10 मार्च, सोमवार से 12 मार्च, बुधवार तक श्री जगदंबा धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में डॉक्टरों द्वारा निश्शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। इस मौके पर दवाइयां एवं जरूरतमंद मरीजों को नजर के चश्मे भी निशुल्क प्रदान किए गए। सफल आयोजन एवं सहयोग के लिए भारत विकास परिषद प्रताप शाखा द्वारा डॉ. सुखवंत सिंह व उनके सहयोगी अमनदीप सिंह तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नं. 6 के शिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिव शंकर मित्तल, विश्वबंधु गुप्ता, वीरेंद्र अरोड़ा, ताराचंद खत्री, सुभाष धींगड़ा, चंद्रेश जैन, सुशील बांठिया, इंद्र गोयल, टीसी तायल, सीए धीरज लीला सहित भारत विकास परिषद, प्रताप शाखा, श्रीगंगानगर पदाधिकारी, सदस्य एवं विद्यालय शिक्षक, स्टाफ सदस्य व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## वार्षिकोत्सव संपन्न, छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** पुरानी आबादी स्थित किड्स वैली कन्वेंट सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में पुरानी आबादी थाना अधिकारी ज्योति नायक, पूर्व विधायक सादुलशहर संतोष सहारण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक सुभाष गोदारा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इसके अलावा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष जोगेंद्र कौशिक, समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना निदेशक अमरजीत सिंह लहार, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सोनिया तथा ट्विंकल द्वारा सफल मंच संचालन किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामाजिक बुराइयों के प्रति




जागरूक करने वाले नृत्य, नाटिकाएं और थीम आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर दर्शक भाव-विभोर हो उठे। खासतौर पर सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों, नशे की बुरी लत और संस्कारों के महत्व को दर्शाती प्रस्तुतियां लोगों के दिलों को छू गई। इन सभी प्रस्तुतियों की तैयारी विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को करवाई गई थी। विद्यालय स्टाफ रजनी, पायल, कोमल, आरजू, रेखा, जसविंदर, पूजा, सुनीता, विभा, किरण बाला, किरण सोलंकी, उमा, स्वीटी, संगीता, संध्या, कपिल, लोकेश ने बच्चों को अनुशासित रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया।

**वक्ताओं ने दिया प्रेरणादायक संदेशः** मुख्य अतिथि थाना प्रभारी ज्योति नायक ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि परिवार में यदि कोई सदस्य नशे का शिकार है, तो बच्चों के सहयोग से उसे इस लत से बाहर निकाला जा सकता है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष जोगिंदर कौशिक ने बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताई और कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों के प्रति सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करें। समग्र शिक्षा के एडीपीसी अमरजीत सिंह लहार ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की संगति और बाहरी गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें आध्यात्मिकता और धार्मिक गतिविधियों से जोड़ें। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह ने कहा कि आने वाला समय प्रतिस्पर्धा से भरा होगा, ऐसे में बच्चों को कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें और उनकी रुचि के अनुसार विषयों का चयन करने दें।

**प्रतिभाशाली छात्रों और अतिथियों का सम्मान:** कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न कक्षाओं और सहगामी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा विद्यालय के पूर्व छात्रों का भी मंच पर अभिनंदन किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी बच्चों को भी विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। साथ ही अतिथियों को भी सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन ने समस्त शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया।

अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## फागोत्सव में होली के गीतों का खुमार छाया



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय कला मंदिर द्वारा रविवार शाम आयोजित फागोत्सव कार्यक्रम में राजस्थानी होली लोकगीतों का खुमार छा गया। हर गीत पर श्रोता झूमने को विवश हो गए। डॉ अंजू बोरड, शैलजा चितलांगिया और घनश्याम बिनानी ने लगभग डेढ़ घंटे तक लगातार राजस्थानी होली लोकगीतों तथा भजनों की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को सराबोर कर दिया। संगीतकार मनोज आर्य के निर्देशन में ऑक्टोपैड पर केसी कुमार, ढोल पर सुरमा और ढोलक पर मुकेश कुमार ने शानदार संगत की। स्थानीय बाबा रामदेव मंदिर के सामने रोहित उद्योग परिसर में स्थित चौधरी रामजस कला सदन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रीको इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यप्रकाश खेमका, विशिष्ट अतिथि ट्रेड यूनियन लीडर संगीत प्रेमी विजय वासुदेव, राष्ट्रीय कला मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र बैद, संरक्षक मोहनलाल चितलांगिया, अमरचंद बोरड और सुनील शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने गायक कलाकारों, संगतकारों और उपस्थित श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी राकेश मोंगा के अनुसार राष्ट्रीय कला मंदिर द्वारा इस महीने के अंत में एक और गीत-संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंच संचालन प्रेरणा चितलांगिया में मनमोहक अंदाज में किया।

# एआईसीसी ह्यूमन राइट का स्वागत समारोह संपन्न

❑ हर वर्ग के लोगों के अधिकारों के लिए हमेशा रहेंगे तैयार - विष्णु शर्मा ,नरेश कपूर






जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आज पंचायती धर्म शाला में आयोजित आईसीसी ह्यूमन राइट के तत्वाधान मे आयोजित स्वागत समारोह बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह सम्मान समारोह एआईसीसी ह्यूमन राइट के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार फूल द्वारा विष्णु शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष और नरेश कपूर को प्रदेश महामंत्री व मधु सोनी को महिला विंग प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा प्रदेश महामंत्री नरेश कपूर महिला विंग प्रदेश उपाध्यक्ष मधु सोनी ने समान समारोह में उपस्थित लोगों से कहा कि हम आप सही पूरे राजस्थान के हर वर्ग खास कर मजदूर वर्ग के लिए हमेशा तैयार रहेंगे उनके अधिकारों के लिए हमें किसी भी हद तक जाना पड़ा तो हम जायेंगे कभी पीछे नहीं हटेंगे। इस के लिए पूरे राजस्थान से प्रत्येक जिले ओर तहसीलों के लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा हर गली हर मोहल्ले हर गांव में सदस्यता अभियान के तहत कैम्प लगाया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा प्रदेश महामंत्री नरेश कपूर ने एआईसीसी ह्यूमन राइट के बारे मे विस्तार पूर्वक बताते हुए कहां की मानवाधिकार वे अधिकार हैं जो हमें सिर्फ़ इसलिए मिले हैं क्योंकि हम मनुष्य के रूप में मौजूद हैं - ये किसी राज्य द्वारा प्रदान नहीं किए जाते। ये सार्वभौमिक अधिकार हम सभी में निहित हैं , चाहे हमारी राष्ट्रीयता, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, रंग, धर्म, भाषा या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो। जीवन के अधिकार से लेकर उन अधिकारों तक हैं जो जीवन को जीने लायक बनाते हैं, जैसे भोजन, शिक्षा, काम, स्वास्थ्य और स्वतंत्रता के अधिकार। मानवाधिकार अविभाज्य हैं । उन्हें विशेष परिस्थितियों और उचित प्रक्रिया के अलावा नहीं छीना जाना जा सकता। उदाहरण के लिए, यदि कोई व्यक्ति न्यायालय द्वारा किसी अपराध का दोषी पाया जाता है तो स्वतंत्रता के अधिकार पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। इस अवसर पर विष्णु शर्मा नरेश कपूर और मधु सोनी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। नियुक्ति पर दिए गए। सफल मंच संचालन उस्मान खान किशोरी पचेरवाल ने किया तथा आए हुए अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एआईसीसी प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा, प्रदेश महामंत्री नरेश कपूर, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला विंग मधु सोनी,रोडवेड यूनियन के जिला अध्यक्ष अवतार सिंह,बीकानेर जिला महामंत्री दिनेश कुमार,विपिन सांखला, प्रदेश उपाध्यक्ष उस्मान खान,फल सब्जी मंडी अध्यक्ष किशोरी पचेरवाल,जस्सा सिंह,बलदेव सिंह अजय कुमार राव,रमेश कुमार ढाका,किशन राव,रमेश पेंटर,बजरंग लाल,विक्की,अशोक कुमार,राजू पेंटर,प्रेम कुमार,गुरदीप सिंह,इंद्र कुमार,राज कुमार राजू ,प्रेम कुमार, कुलदीप टेंपो वाला,साजिद खान ,चमन खान, लूणा राम,संदीप टेंपो वाला,श्याम लाल,शकुंतला वर्मा जिला अध्यक्ष,संतोष सोनी,सुलोचना देवी,पूजा देवी,विद्या देवी,रानी देवी,शांति देवी,लाचा देवी,प्रेम शर्मा,सुमन यादव,ज्योति शर्मा,मनी देवी,मदीना बानो, प्रेरणा,सोनू,आदि बड़ी संख्या में एआईसीसी ह्यूमन राइट के पदा अधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए

## विभाग द्वारा पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरे दिन जारी रहा। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न होगा। कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण और शिक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।


प्रशिक्षण कार्यक्रम की मुख्य ट्रेनर टीना डोडा, अरविंद पाल कौर, मधु महाजन, गुलजार बानो और निशान रहे, जिन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण को सुदृढ़ करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

मुख्य प्रशिक्षक टीना डोडा ने बताया कि यह 卐पढ़ाई भी, पोषण भी卐 अभियान के तहत आयोजित द्वितीय शिविर है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर छोटे बच्चों को बेहतर पोषण और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है ताकि कार्यकर्ताओं को आधुनिक तरीकों से प्रशिक्षित किया जा सके।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए घर-घर होगा सर्वे

## आज से शुरू होगा सर्वे, विभागीय टीमें तैयार

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं राज्यस्तरीय टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत भी विभिन्न गतिविधियां जारी है। अब सोमवार से विभागीय टीमें घर-घर जाकर टीबी अभियान के तहत सर्वे करेंगी। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत 10 से 25 मार्च तक दूसरा चरण चलेगा। इसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। डिजिटल हेल्थ मोबाइल एप के जरिए टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग होगी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. साक्षी मेहता ने बताया कि सर्वे के दौरान चिन्हित पंचायतों और शहरी वार्डों के हर घर की जांच होगी। हर टीम में कम से कम दो सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम ये सर्वे करेंगी। सर्वे की प्रक्रिया कम्युनिटी हेल्थ इंटीग्रेड प्लेटफॉर्म के डेशबोर्ड पर अपडेट होगी। चिकित्सा अधिकारी, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला स्तर पर इसकी नियमित मॉनिटरिंग होगी। पीपीएम कॉर्डिनेटर गरिमा परिहार ने बताया कि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण मिलते हैं तो उसकी बलगम जांच, छाती का एक्स-रे और अन्य टेस्ट कराए जाएंगे। टीबी की पुष्टि होने पर मरीज की जानकारी डिजिटल हेल्थ मोबाइल एप पर अपडेट होगी और नजदीकी सरकारी अस्पताल में इलाज शुरू कराया जाएगा। अभियान के दौरान कमजोर और हाई रिस्क ग्रुप पर ध्यान दिया जाएगा। इससे टीबी मरीजों की पहचान बढ़ेगी।

# धाणका समाज की महापंचायत आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** विजय डाबला की अध्यक्षता मे नई धानमंडी सूरतगढ़ में गंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों की धाणका समाज की महापंचायत हुई समाज के दोनों जिलों के लोगों ने सैकड़ो की संख्या में सूरतगढ़ पहुंचकर एकता का परिचय दिया व मृत्यु भोज बंद करने व शिक्षा शिक्षा को बढ़ावा देने व समाज में नशा रोकने व नाबालिक उम्र की लड़की की शादी पर रोक और जाति प्रमाण पत्र पर लगी मौखिक रोक हटाने के लिए महापंचायत में रणनीति बनाई गई । महापंचायत में गंगानगर से रवि बोस राष्ट्रीय अध्यक्ष धाणका समाज, किशोरी धाणका, कश्मीरी धाणका, धर्मेंद्र धाणका, नंदकिशोर धाणका, करणपुर से रंजीत धाणका, गोपाल धाणका, मदन धाणका, गजसिंहपुर से कश्मीरी, मदनलाल, भगवान दास धाणका, रायसिंहनगर से मदनलाल, दिलीप कुमार, शिवचरण धाणका, जैसार मंडी से राजेंद्र कुमार, मोहनलाल, ओम प्रकाश धाणका, पीलीबंगा से मानक, पवन, मोतीलाल, सुनील कुमार, सुशील कुमार, सूरज कुमार धाणका, अनूपगढ़ से किशन लाल, अनिल कुमार, संजय, करण धाणका, गजसिंहपुर से हितेश कुमार, नवरंग राम, राजेश कुमार, राजकुमार धाणका, पदमपुर से राजकुमार, विक्रम, रामकुमार धाणका, संगरिया से मुकेश कुमार, भगवान दास, सूरतगढ़ से विजय, वीर सिंह, विनोद कुमार, कृष्ण, धनराज, हंसराज, विक्की, मुकेश, मेघराज, आसाराम, राजकुमार, सुरेश, सतपाल धाणका व समस्त समाज के लोग महापंचायत में पहुंचे महापंचायत में पहुंचने पर धाणका समाज के अध्यक्ष गोपी राम दगल, पार्षद रोहिताश होटला ने आए हुए समाज के लोगों का स्वागत किया।

# तेज आवाज ले रही कान की जान : आमजन को जागरूक करने को लगा जांच शिविर

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को कान के रोगों संबंधी जागरूकता पैदा करने और उनकी जांच करने के लिए लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी के तहत विभागीय टीम ने पुरानी आबादी वार्ड नंबर 9 स्थित राजकीय स्कूल में शिविर लगाकर बच्चों एवं बड़ों के कानों की जांच की और उन्हें जागरूक किया। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि विभाग की ओर से विश्व हियरिंग डे के चलते एक पखवाड़े तक जागरूकता गतिविधियां की जा रही है। राष्ट्रीय बहरापन नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के तहत स्कूलों व प्रमुख स्थलों पर जागरूकता एवं जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। रवि चौक पुरानी आबादी स्थित स्कूल में आयोजित इस शिविर में ईएनटी अनुभाग की डॉ. रश्मि अग्रवाल एवं डॉ. मोहनलाल छींपा सहित स्पीच थैरेपिस्ट पलविंद्र व नवल योगी आदि ने अपनी सेवाएं दी। वहीं स्कूल प्रधानाचार्य रुबी चौधरी ने शिविर में सहयोग दिया। पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा ने बताया कि वर्तमान परिपेक्ष्य में तेज आवाज से होने वाली समस्या के रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी है। वहीं युवाओं को इयर फोन का कम से कम उपयोग करना चाहिए। साथ ही नियमित रूप से अपने कानों की जांच करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से आगामी दिनों में भी शिविर लगाए जाएंगे।

# बालाजी की बगीची में शिविर, 200 युनिट रक्त संग्रहित

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** सिद्धपीठ श्री झांकी वाले बालाजी महाराज की बगीची में रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 200 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर को लेकर रक्तदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। चार रक्तदाता शनिवार को एडवांस में ही भजन मंडल के बैनर तले रक्तदान कर चुके थे। भजन मंडल के सेवादारों ने ब? च?कर भाग लिया। मातृ शक्ति ने भी खूब सेवा की। बालाजी बगीची को एक उत्सव की तरह सजाया गया था। एडिशनल सीएमएचओ डॉ मुकेश मेहता, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ बबीता गौ?, राजस्थान प्रदेश पंजाबी महासभा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र राजपाल, संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष तरसेम गुप्ता, धर्मपाल झोरड़, अशोक मेठिया, पार्षद कृष्णा सियाग, अशोक मुंजराल, पूर्व सरपंच सुरेंद्र पारीक, डॉ पीसी आचार्य सहित अनेक लोग मौजूद रहे। स्वास्तिक ब्लड बैंक से एमडी रविन्द्र जैन व पूरी टीम ने रक्त संग्रहित किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधान सुरेंद्र चौधरी, नरेश गोयल, गुरुजी प्रेम अग्रवाल का विशेष सानिध्य रहा। सुरेन्द्र सिंगल पुजारी, मदन गोपाल अग्रवाल, नरेश बंसल, शिवशंकर अग्रवाल, संदीप अनेजा, योगेन्द्र शर्मा, बृजेश तलवार, घनश्याम छिम्पा, भरत गर्ग, प्रदीप गर्ग, राजेश कथूरिया, सुरेन्द्र चनाणी, योगेश वधवा, पवन राजपाल, ललित लड्डू, श्रवण पारीक, चिराग गर्ग, संपत अग्रवाल, केवल शर्मा, राजकुमार जैन, रणवीर गोदारा, रजनीश सहारण एवम मातृ शक्ति की टीम में एडवोकेट रेणू वर्मा एवं अंजू अरो?ा के नेतृत्व में सभी महिला सदस्य आदि ने खूब सेवाएं दी। स्वास्थ्य जांच सेवाओं में डॉ जानकी नंदन अग्रवाल, डॉ खुशबू सिंगल, डॉ सीपी अग्रवाल, डॉ आदित्य अरोड़ा, मयंक गुप्ता, डॉ विक्रम शर्मा, डॉ गोपिका मिढ़ा, नीरज मिढ़ा (न्यूट्रीशियन एंड डायटेटिक्स) ने सेवाएं दीं। मेहमानों को बालाजी का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया।



# उन्नत कृषि महोत्सव में तरड़ हुए शामिल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर** भाजपा किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष तथा पंचायत समिति पूर्व प्रधान आत्माराम तरड़ हनुमानगढ़ में खुशाल दास यूनिवर्सिटी व जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित 'उन्नत कृषि महोत्सव' किसान मेले में शामिल हुए। भाजपा किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि 8 से 10 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय किसान मेले में विभिन्न विश्वविद्यालयों से पधारे कृषि वैज्ञानिक किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी के साथ ही उनकी शंकाओं का समाधान भी कर रहे है। इस मेले में विभिन्न कंपनियों की स्टालों पर नवीन कृषि उपकरण व आज की खेती की जरूरतों के हिसाब से किसानों के लिए कृषि सम्बन्धी उपयोगी सामान भी उपलब्ध है। उनके अवसर पर श्री तरड़ के साथ पूर्व डीआईजी गिरीश चावला, यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# इंटरनेशनल अबेकस वर्ल्ड कप सीजन-3 प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर के विद्यार्थियों ने फहराया परचम

❑ कमलेश, कबीर व निखिल गुप्ता चैम्पियन ऑफ चैम्पियन बने

❑ उत्कृष्ट प्रदर्शन पर भव्य सम्मान समारोह में किया सम्मानित

जनमार्ग न्यूज




**श्रीगंगानगर।** इंटरनेशनल अबेकस वर्ल्ड कप सीजन-3 प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर श्रीगंगानगर का नाम रोशन किया है। एडवांस अबेकस एकेडमी के संस्थापक लाल सिंह ने बताया कि स्किल शिक्षा, जयपुर द्वारा ऑनलाइन आयोजित इंटरनेशनल अबेकस वर्ल्ड कप सीजन-3 प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर सहित भारत के विभिन्न शहरों के साथ-साथ अनेक देशों के 2000 से अधिक बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि जनवरी, 2025 में आयोजित इस प्रतियोगिता का परिणाम फरवरी के अंतिम सप्ताह में जारी किया गया। ग्रुप-ए में श्रीगंगानगर के होनहार छात्र कमलेश व छात्र कबीर तथा ग्रुप-बी में छात्र निखिल गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैम्पियन ऑफ चैम्पियन का खिताब हासिल किया। लाल सर ने बताया कि इस शानदार उपलब्धि पर एडवांस अबेकस एकेडमी द्वारा 8 मार्च, शनिवार सायं केन्द्रीय बस स्टैण्ड के समीप मिनी मायापुरी स्थित संस्था प्रांगण में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चैम्पियन ऑफ चैम्पियन कमलेश बाजीगर, कबीर नैण तथा निखिल गुप्ता को मेडल व फूलमालाएं पहनाकर तथा ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने खुशी का इजहार करते हुए अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, परिजनों तथा एडवांस अबेकस एकेडमी के डायरेक्टर लाल सिंह एवं कड़ी मेहनत को दिया है। लाल सर ने बताया कि प्रतियोगिता दो राउंड में आयोजित की गई है, प्रथम राउंड में उक्त विद्यार्थियों सहित एडवांस अबेकस एकेडमी की श्रीगंगानगर व बीकानेर शाखा से 13 बच्चों ने चैम्पियन ऑफ चैम्पियन खिताब जीता है तथा 4 बच्चे चैम्पियन बने हैं। आगामी अप्रैल माह में होने वाले द्वितीय राउण्ड में टॉप-100 छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे, जिसमें एडवांस अबेकस एकेडमी की श्रीगंगानगर व बीकानेर शाखा के 11 बालक-बालिकाएं चयनित हुए हैं। इस अवसर पर उक्त तीनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के परिजन, एडवांस अबेकस एकेडमी के डायरेक्टर लाल सिंह सहित श्रीगंगानगर शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# संगरिया रोड पर दुकानदारों ने किया चक्का जाम

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** संगरिया रोड के दुकानदारों और स्थानीय व्यापारियों ने अपनी मांगों को लेकर शनिवार, 9 मार्च को लगभग डेढ़ घंटे तक चक्का जाम किया। व्यापारियों का कहना था कि प्रशासन द्वारा सीवरेज पाइप डालने के नाम पर सड़क को तोड़ दिया गया, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उसका पुनर्निर्माण नहीं किया गया है। इससे यातायात बाधित हो रहा है और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।इस विरोध प्रदर्शन में रामेश्वर वर्मा, रघुवीर वर्मा, मनीष बलराम मक्कसर, पृथ्वी खींचड़, खैरातीलाल मित्तल, अमरजीत, बिल्लू सेठ, गुरजीत सिंह, कृष्ण नैन, बीएस पेंटर बहादुर सिंह चौहान शेर सिंह शाक्य अफसर अली बसंत सिंह श्याम सुंदर, रज्जाक खान, कुलदीप सिंगला मनीष मक्कासर लाल चन्द्र एडवोकेटऔर राजेंद्र झोरड़ सहित अन्य व्यापारी शामिल रहे। रामेश्वर वर्मा ने कहा कि हाल ही में सीसी रोड के रूप में बनाई गई सड़क को तोड़ दिया गया, लेकिन अब तक उसका पुनर्निर्माण नहीं हुआ। सीवरेज पाइप डाले जाने के बाद भी सड़क पर मिट्टी और मलबा पड़ा हुआ है, जिससे रोजाना दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। व्यापारी पृथ्वी खींचड़ ने आरोप लगाया कि यह सीवरेज कार्य पहले से ही योजना बनाकर किया जा सकता था, जिससे नई बनी सड़क को बार-बार तोड़ने की नौबत नहीं आती। उन्होंने इस कार्य में भ्रष्टाचार की आशंका जताई और विभागीय जांच की मांग की। चक्का जाम की सूचना मिलने पर नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि संगरिया रोड पर पड़ा मालवा कल सोमवार को उठा लेंगे और 11 तारीख को सीवरेज की वजह से टूटी हुई सभी शहर की सड़कों के लिए 3 करोड़ का टेंडर कर कर शीघ्र ही सड़क के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत 8 पीएसडी-बी, पं.स. घड़साना (श्रीगंगानगर)**

क्रमांक:- 449 — दिनांक:- 07.03 2025

**आम सूचना**

"सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ग्राम पंचायत 8 पीएसडी-बी मे श्रीमती शान्ति देवी पत्नी भगवानाराम जाति बावरी निवासी 8 पीएसडी-बी ने आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्रा.पं. 8 पीएसडी-बी द्वारा संकल्प सं.01 बैठक दिनांक 21.11.1999 द्वारा आवासीय भूमि का पुस्तक सं.15 पट्टा सं.40 क्षैत्रफल 972 वर्गफुट का जारी किया हुआ है विक्रय विलेख (पट्टा) मे अंकित उत्तर में रास्ता, दक्षिण मे रामलुभाया, पूर्व मे भगवानाराम, राजाराम, श्रीराम स्थित है जिसे राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 167'क' के प्रावधानानुसार पुनर्विधिमान्यकरण कर दिया जावे। अतः इस सम्बंध मे यदि किसी आम व खास को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद अवधि 15 दिवस मे कार्यालय ग्रा.पं. 8 पीएसडी-बी मे कार्यालय समय मे उपस्थित होकर सबूत सहित प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।"

तायरा बानो, ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत, 8 पीएसडी-बी
पं. स. घड़साना (श्रीगंगानगर)

गंगाबिशन पूनियां
सरपंच, ग्राम पंचायत 8 पीएसडी-बी
पं. स. घड़साना (श्रीगंगानगर)

# कैसे रूकेंगे सड़क हादसे: विभाग ने हजारों रुपए खर्च कर बंद करवाया

## प्रभावशाली लोंगो ने डिवाइडर तोड़कर दोबारा बना दिया अवैध रोड़ कट

जनमार्ग न्यूज



**पीलीबंगा।** कस्बे के हनुमानगढ़-सूरतगढ़ फोरलेन मार्ग पर हादसों का कारण बन रहे कई अवैध रोड़ कट विभाग की ओर से चिन्हित कर बंद करवाये जा रहे है।ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।वहीं दोबारा अवैध कट बनाने पर सख्त कार्रवाई के आदेश भी जारी किए गए है। लेकिन कुछ प्रभावशाली लोंगो पर इन आदेशों का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है।ना ही अवैध रोड़ कट से होने वाली दुर्घटनाओं से इन्हें कोई सरोकार है। बीते दिनों लखूवाली और अहमदपुरा के बीच नायरा पेट्रोल पंप के पास विभाग ने हजारों रुपए खर्च कर अवैध रोड़ कट बंद करवाया।वहीं दबंगो द्वारा आधी रात को दोबारा से राज्य मार्ग का डिवाइडर तोड़कर बिना अनुमति के रोड़ कट बना दिया गया है। व्यस्त रहने वाले फोरलेन मार्ग पर डिवाइडर तोड़कर बनाए गए यह कट प्रतिदिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। अक्सर होने वाली दुर्घटनाओं के कारण प्रशासन ने इन्हें पहले भी कई बार इन्हें बंद कराने की कोशिश की, लेकिन दबंगों द्वारा इन्हें बार-बार खोल लिया जाता है।अधिकतर कट होटलों और पेट्रोल पंपों के सामने बने हैं। अवैध रोड़ कट का प्रयोग हर समय खतरनाक रहता है। इससे वाहन चालक कभी भी अपने वाहन को गलत दिशा मोड़ देते हैं और हादसे हो जाते हैं।

गौरतलब है इन अवैध कट के कारण हर रोज हादसे हो रहे है,लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा रहे हैं।आंकड़ो को देखा जाए तो इनमें से 60 फीसदी हादसे अवैध कटों के कारण ही हुए हैं।ओर वहीं,जब इन कटों को बंद करने की कारवाई शुरू की जाती है तो कुछ प्रभावशाली लोग प्रशासन के अधिकारियों पर नाजायज रूप से राजनैतिक प्रेशर बनाने लगते हैं। आपको बताते चलें कि कस्बे में से होकर गुजर रहे फोरलेन मार्ग के डिवाइडर तोड़कर लोगों द्वारा अपनी सुविधा के लिए बनाए गए अवैध कट सड़क हादसों की मुख्य वजह बन रहे है।प्रभावशाली लोगों द्वारा लंबे यू टर्न से बचने के लिए डिवाइडर तोड़कर शॉर्ट कट के लिए अवैध कट बना लिए गए हैं। लोग या तो रॉन्ग साइड आकर कटों से निकलते हैं या इन अवैध कटों का इस्तेमाल करते हैं।ओर इसी राजनीति के कारण हर वर्ष सैंकड़ों लोगों की जान चली जाती है।

### इनका कहना है-

बिना किसी अनुमति के डिवाइडर तोड़ने वाले संबंधित लोंगो को एक निर्धारित अवधि में अवैध कट बंद करने की चेतावनी दी गई है।इसके बाद भी यदि कट बंद नहीं किया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**विशाल वर्मा,परियोजना अधिकारी,आरएसआरडीसी,हनुमानगढ़**

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिवस कार्यक्रम में शामिल हुए

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** श्री अरोड़वंश सेवा ट्रस्ट (रजि.) के प्रधान सेवादार तथा भारतीय जनता पार्टी के मन की बात कार्यक्रम के जिला सह संयोजक एडवोकेट तरूण अरोड़ा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिवस कार्यक्रम में शामिल हुए तथा उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर उनके साथ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शोपत सिंह कायल 'राजगुरु' भी मौजूद रहे। प्रधान सेवादार एडवोकेट तरुण अरोड़ा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपना जन्मदिन भारत-पाक सीमा से सटे पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर जिले में स्थित विश्व विख्यात शक्तिपीठ तनोटराय माता मंदिर में पूजा अर्चना कर मनाया। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया तथा उनके जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं में भारी जोश व उत्साह देखने को मिला। उन्होंने तनोट माता मंदिर की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि इसे चमत्कारी मंदिर भी कहा जाता है। सन् 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान जब पाकिस्तानी सेना ने मंदिर पर बम गिराए थे तो वो फटे ही नहीं थे। ये वो देवी हैं जो हम सभी के ऊपर अपना आर्शीवाद बनाए रखती हैं। तनोट माता मंदिर में करीब 1 घंटे की आरती होती है। तनोटराय माता मंदिर का प्रबंधन बीएसएफ ही करती है। मंदिर संचालन कमेटी के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह राठौड़, उप महानिरीक्षक, क्षेत्रीय मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, जैसलमेर (उत्तर) हैं।

एडवोकेट तरुण अरोड़ा ने बताया कि पूजा-अर्चना के पश्चात् पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने ग्रामीणों के साथ वार्तालाप किया तथा जमीन-आवंटन सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्री अरोड़वंश सेवा ट्रस्ट (रजि.) के प्रधान सेवादार एडवोकेट तरुण अरोड़ा, ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शोपत सिंह कायल 'राजगुरु' सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 'सही फसल' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित




**हनुमानगढ़।** अटल भू जल योजना के तहत एसकेडी विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ में सही फसल ङ्क कृषि में जल उपयोग दक्षता बढ़ाना विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन दिव्या श्री संस्थान, सीकर द्वारा किया गया, जिसमें किसानों को जल संरक्षण और जल उपयोग दक्षता बढ़ाने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों ने किसानों को जल उपलब्धता के आधार पर कम जल मांग वाली फसलों और उनकी उन्नत किस्मों के चयन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि फसल चक्र में बदलाव और जल दक्ष कृषि तकनीकों को अपनाकर गिरते भू जल स्तर को नियंत्रित किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को डिग्गी, फार्म पौंड, ड्रिप एवं फव्वारा सिंचाई पद्धति जैसी जल संरक्षण तकनीकों की जानकारी दी गई। इन तकनीकों को अपनाने से कम पानी में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा, अटल भू जल योजना के तहत जल संरक्षण गतिविधियों के लिए मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने कहा कि गिरते भू जल स्तर की समस्या को रोकने के लिए जन सहभागिता आवश्यक है। जब तक किसान और आम नागरिक मिलकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य नहीं करेंगे, तब तक इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं होगा।

इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी बरकत अली, भू जल विभाग के अधिकारी डॉ. शंकर लाल सोनी, गणपत जी (भू जल विशेषज्ञ, स्क्रूजयपुर) एवं अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों से जल बचत तकनीकों को अपनाने और जल संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# अफसरशाही और भ्रष्टाचार से भाजपा पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करना चाहती है: राव

## भाजपा के अलोकतांत्रिक इरादों को कामयाब नहीं होने देगी कांग्रेस

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और राजस्थान सह प्रभारी चिरंजीव राव ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा की पर्ची सरकार अफसरशाही तथा भ्रष्टाचार से पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करना चाहती है। भाजपा के ऐसे अलोकतांत्रिक इरादों को कांग्रेस कभी भी कामयाब नहीं होने देगी। कांग्रेस द्वारा भाजपा की ओर से इस दिशा में उठाए जाने वाले हर कदम का कड़ा विरोध किया जाएगा। चिरंजीवी राव आज श्रीगंगानगर में प्रेस वार्ता में मुखातिब हो रहे थे। उन्होंने कहा कि वन स्टेट वन इलेक्शन के बहाने भाजपा सरकार अफसरशाही तथा भ्रष्टाचार के जरिए पंचायती राज संस्थाओं में पीछे के रास्ते से प्रवेश करना चाहती है। प्रदेश में इसी कारण पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव नहीं करवाए जा रहे। स्थानीय निकाय के चुनाव को भी इसी वजह से टाला गया है। उन्होंने श्रीगंगानगर जिला परिषद का उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले 10 महीनों से भाजपा की अलोकतांत्रिक नीति के कारण ही जिला प्रमुख का पद रिक्त है। उन्होंने कहा कि बेशक वन स्टेट वन इलेक्शन से समय और पैसा बचता है, लेकिन सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि इसे कैसे निष्पक्ष तथा पारदर्शिता पूर्ण संभव बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव वैसे भी ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमिटी (जेपीसी) के पास विचाराधीन है।जब तक जेपीसी अपनी रिपोर्ट नहीं देती, तब तक किसी और बहाने से चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए, जैसे कि राजस्थान में भाजपा की पर्ची सरकार कर रही है। चिरंजीवी राव बीकानेर संभाग के दौरे पर हैं। वे चूरू और हनुमानगढ़ होते हुए आज श्रीगंगानगर पहुंचे। उन्होंने बताया कि संगठन को और मजबूत करने व पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने की दिशा में कांग्रेस लगातार काम कर रही है।इसी क्रम में विगत 26 जनवरी से एक वर्ष के लिए जय बापू जय अंबेडकर अभियान शुरू किया गया है,जिसे बूथ स्तर पर ले जाया जा रहा है। अभियान के जरिए कांग्रेस की विचारधारा जन जन तक पहुंचाई जा रही है। इससे कांग्रेस की विचारधारा और संगठन को मजबूती मिली है।लोगों में कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ईवीएम टेंपरिंग और वोटर लिस्ट मैपिंग से हर चुनाव की निष्पक्ष प्रक्रिया में सेंध लगाकर लोकतांत्रिक ढांचे को बिगाड़ रही है। कांग्रेस इसके विरुद्ध सड़कों पर संघर्ष करने के लिए उतरेगी। लोगों को भाजपा के इस खेल की असलियत बताई जाएगी। उन्होंने बताया कि भाजपा की वोटर लिस्ट मैपिंग रोकने के लिए जिला कांग्रेस कमेटियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं ताकि आने वाले स्थानीय निकाय तथा पंचायती राज चुनाव में भाजपा कोई गड़बड़ नहीं कर सके। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष अंकुर मगलानी ने बताया कि जय बापू जय अंबेडकर अभियान के तहत जिले में बूथ स्तर तक अनेक कार्यक्रम किए गए हैं।काफी संख्या में लोग कांग्रेस से जुड़े हैं। कांग्रेस के प्रति लोगों का रुझान भी बड़ा है क्योंकि प्रदेश की पर्ची सरकार तथा केंद्र सरकार ने हर मुद्दे पर निराशा ही किया है। उन्होंने कहा कि जिले में कांग्रेस मजबूत है। इसी का उदाहरण है कि भाजपा हर चुनाव में पराजित हो रही है। सांसद कुलदीप इंदौरा ने कहा कि देश के ज्वलंत मुद्दों पर संसद तथा राज्य विधानसभा में सार्थक चर्चा विपक्ष नहीं कर सके, इसलिए भाजपा के नेता जानबूझकर कोई ना कोई अमर्यादित टिप्पणी कर देते हैं,जिससे सदन की कार्यवाही में गतिरोध उत्पन्न होता है। फिर भाजपा आरोप लगाती है कि विपक्ष सदन नहीं चलना चाहता। भाजपा का यह खेल लंबे समय तक नहीं चलेगा। लोगों को भाजपा की हकीकत पता लगने लगी है। प्रेस वार्ता में विधायक डूंगरराम गैदर, पूर्व विधायक राजकुमार गौड़, पूर्व विधायक दौलतराज समेजा श्रीमती सोना देवी बावरी, राजेंद्र भादू, प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी जिया उर रहमान और प्रदेश सचिव प्रद्युम्नसिंह आदि वरिष्ठ कांग्रेसजन भी उपस्थित रहे।

# डॉ. शालिनी ने ली जिलाध्यक्ष पद की शपथ



**जोधपुर (जनमार्ग न्यूज)।** जयपुर में आयोजित राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रदेश प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी का भव्य गठन समारोह होटल सिद्धार्थ पैलेस में संपन्न हुआ। शालिनी ने बताया कि सर्वब्राह्मण समाज की महिलाओं को प्रकोष्ठ में जोड़कर एक नवीन कार्यकारिणी प्रदेश के हर ज़िला स्तर पर बनायी जाएगी तथा उनके हितार्थ कार्यशाला, व्यावसायिक चर्चा तथा अन्य समस्याओं पर अनुभवी जनों से विचार-विमर्श किया जाएगा। इस गरिमामयी अवसर पर संरक्षक एस.डी. शर्मा जी एवं प्रदेश अध्यक्ष आर.एस.जैमिनी की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेंद्र जी, अशोक शर्मा एवं शंकरलाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजन से हुई, जिसके पश्चात भगवान परशुराम जी की वंदना कर सभी सम्माननीय अतिथियों को आदरपूर्वक सम्मानित किया गया। तत्पश्चात महिला प्रदेश प्रकोष्ठ की नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई गई एवं उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। पूरे आयोजन में जोश और उल्लास का माहौल देखने को मिला। महिला प्रदेश प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष संतोष समृद्धि शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी कार्यकारिणी राजस्थान में सबसे प्रभावशाली और सक्रिय कार्यकारिणी सिद्ध होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि संगठन की प्रत्येक महिला सदस्य समाज सेवा में अपना उल्लेखनीय योगदान देगी एवं ब्राह्मण समाज को सशक्त बनाने हेतु सतत् कार्यरत रहेगी। कार्यक्रम का समापन संगठन की भावी योजनाओं और समाजहित में किए जाने वाले कार्यों की घोषणा के साथ हुआ। महिला प्रदेश प्रकोष्ठ की यह नई कार्यकारिणी न केवल महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि समाज की उन्नति में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर अजय शर्मा, रजनी शर्मा, विनोद श्रीमाली, अमिता त्रिवेदी, अन्नपूर्णा देवी, श्वेता वशिष्ठ आदि ने पुष्प गुच्छ देकर डॉ शालिनी को बधाई दी।


जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें


# होली के रंग श्रीबाबा रामदेव के संग, रंग-गुलाल और फूलों की वर्षा से सजी अनूठी होली

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** फाल्गुन माह के उत्सवों की धूम के बीच श्रीबाबा रामदेव मंदिर में शनिवार को होली का अनूठा आयोजन किया गया। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर इस आयोजन में भजन संध्या, रंग-गुलाल और फूलों की वर्षा से एक अलौकिक माहौल बना। भक्तों ने बाबा रामदेव के चरणों में प्रेम और आस्था के रंग उड़ाए और भजन-कीर्तन के साथ इस पर्व को मनाया। इस मौके पर भजन गायक नारायण नंदा, चंद्रपकाश कारायानी तथा नीरज ने श्याम बाबा व लोक देवता बाबा रामदेव के भजनों पर श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के समक्ष परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की और भजन संध्या के साथ अपनी श्रद्धा अर्पित की। मंदिर समिति सदस्यों ने बताया कि इस तरह के आयोजन हर साल किए जातें है। उन्होंने बताया कि रात को चंग धमाल कार्यक्रम भी किया जाता है। भजन संध्या और होली उत्सव के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा रामदेव के चरणों में अपनी आस्था प्रकट की। फाल्गुन महोत्सव के अंतर्गत श्री बाबा रामदेव मंदिर में हुई भजन संध्या में भक्तों ने भक्ति रस में डूबकर रंगों की होली खेली। पूरे परिसर में गुलाल, फूलों की खुशबू और भजनों की गूंज से माहौल भक्तिमय हो गया। बाबा रामदेव के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और %जय बाबा री, %कदम-कदम बढ़ाए जा, बाबा तेरो साथ है, मन घोड़लियों मंगवा दे मेरी माय, जैसे भजन गूंजने लगे। अद्भुत रहा फूलों की होली का दृश्यः मीडिया प्रभारी साहिल मेहरा ने बताया कि इससे पहले पंडित भंवरलाल ने बाबा रामदेवजी की पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद गुलाल और फूलों से खेली गई इस होली ने मंदिर प्रांगण को एक दिव्य स्वरूप प्रदान किया। श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस अनोखी होली में गुलाब, गेंदा, चमेली और अन्य सुगंधित फूलों का विशेष उपयोग किया गया, जिससे पर्यावरण को किसी भी प्रकार की हानि नहीं हुई।

इस मौके परमहेश्वरी समाज महिला मंडल ,अरो?वंश समाज महिला मंडल, अग्रवाल समाज, नव दुर्गा शक्ति ग्रुप महिला मंडल , श्री राम प्रभात फेरी महिला मंडल, श्री बाबा रामदेव महिला मंडल की महिलाओं ने भक्ति गीत की गंगा बहाई।

# बहुदिव्यांग एवं बेसहारा लोगों के साथ होली पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** कर्तव्य हमारा प्रयास जन सेवा संस्था, श्रीगंगानगर द्वारा अनूठी पहल करते हुए होली पर्व की खुशियां सबके साथ बांटने के उद्देश्य से बहुदिव्यांग एवं बेसहारा लोगों के साथ होली पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कर्तव्य हमारा प्रयास जन सेवा संस्था सदस्य रविवार को श्रीगंगानगर से विशेष रूप से सूरतगढ़ स्थित भौमिक कल्याण सेवा अनाथ आश्रम में गए तथा यहां पर रहने वाले बहुदिव्यांग एवं बेसहारा लोगों को रंग-गुलाल लगाकर होली का उत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सभी प्रभुजनों ने कर्तव्य टीम सदस्यों के साथ भजनों पर नृत्य कर खूब आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम के पश्चात् कर्तव्य संस्था द्वारा बहुदिव्यांग एवं बेसहारा लोगों को प्रेमपूर्वक भोजन करवाया गया तथा मिठाई एवं फलों का वितरण भी किया गया। इसके साथ-साथ भौमिक कल्याण सेवा अनाथ आश्रम को निर्माण हेतु आर्थिक सहयोग भी दिया गया। इस अवसर पर अरविंद जैन, लोकेश बंसल, लोकेश शर्मा, अजय खत्री, आशीष लीला, हरीश टाक, विष्णु बिश्नोई, केशव बंसल, अंकित बंसल, विनोद जैन एक कर्तव्य हमारा प्रयास जन सेवा संस्था, श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

## सीए धीरज लीला व विशाल गुप्ता की टाइगर टीम बनी विजेता



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** एक प्रयास..., श्रीगंगानगर द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत खेलों को बढ़ावा देने के लिए एसडी पीजी कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में एक प्रयास... के अंकित सिंगल व अजय झुन्थरा की लॉयन टीम तथा सीए धीरज लीला व विशाल गुप्ता की टाइगर टीम के मध्य 16-16 ओवर का 9वां मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। इस मैच में टॉस जीतने पर लॉयन टीम के कप्तान अंकित सिंगल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 5 विकेट खोकर 113 रन बनाए। लक्ष्य हासिल करने उतरी सीए धीरज लीला की टाइगर टीम ने 16वें ओवर में 5 विकेट पर 114 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की तथा विजेता का खिताब जीता। विजेता टीम व कप्तान सहित मैन ऑफ दी मैच बैट्समैन मोनू बजाज, बॉलर सुनील गर्ग, बेस्ट फील्डर डॉ. सौरभ अग्रवाल, सौरभ गोयल, श्रेयांस जैन आदि खिलाडि?ों को राकेश गोयल, डॉ. शैलेश गोयल, नीरज बंसल, डॉ. संजीव जिंदल, रवि परूथी एवं अजय झुन्थरा आदि सदस्यों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। शानदार कमेंट्री ऋषभ गर्ग, डॉ. सौरभ अग्रवाल, सौरभ गोयल व मोनू बजाज ने की। कार्यक्रम प्रभारी ऋषभ गर्ग तथा रजत सरावगी सहित समस्त सदस्यों ने सफल आयोजन में सराहनीय सहयोग दिया।

इस अवसर पर रजत गोयल, लोकेश खेमका, अश्विनी बंसल, अरविंद सचदेवा, राधेश्याम गणेशगढि?ा, चन्द्रेश गोयल, मुकेश खारीवाल, पवन खारीवाल, संजय बड़ोपलिया, दीपक शेरेवाला, प्रवीण शेरेवाला, डॉ. सौरभ अग्रवाल, विकास गुप्ता, मोनू बजाज, रजत सरावगी, गजेंद्र गोयल, संजय बड़ोपलिया, पवन जिंदल, अंकित सिंगल, अजय बंसल, ललित गुप्ता, पंकज गर्ग, पवन जिंदल, भीम सिंगल, महेंद्र अग्रवाल, रोहित राठी, मनोज कोठारी सहित एक प्रयास... सदस्य उपस्थित थे।

# वेस्ट मैनेजमेंट घोटाले की एसआईटी करेगी जांच

## 15 दिनों में देनी होगी रिपोर्ट

जनमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कूड़े का प्रबंधन करने की बजाय उसे जगह-जगह अवैध रूप से मिट्टी से दबा देने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर इसका खुलासा हुआ है। दरअसल, अरावली क्षेत्र में नवंबर 2024 में 3 करोड़ रुपए से 32 हजार टन कूड़े का प्रबंधन करने के निर्देश दिए गए थे। इस कचरे का वैज्ञानिक तरीके से जैविक तरीके से प्रबंधन करने के आदेश जारी किए गए थे। लेकिन, नियमों के तहत कूड़े को हटाने की बजाय उसे 20 से ज्यादा जगहों पर ले जाया गया, जहां उसे मिट्टी से ढक दिया गया, ताकि पता न चले। इस पूरे मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है। हरियाणा सरकार ने अवैध रूप से कूड़ा डालने के मामले की जांच और विशेष जांच दल के गठन के आदेश दिए हैं।

# कल निकलेगी भव्य निशान यात्रा, 13 मार्च को विशाल जागरण

## बाबा की नजर हीरे मोतियों से उतारकर भक्तों में किए जाएंगे वितरित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम फाग उत्सव बड़ी धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। अजय राधे राधे ने बताया कि श्याम भक्तों द्वारा श्याम फाग उत्सव के उपलक्ष्य में 39वीं श्याम भव्य निशान यात्रा कल 11 मार्च, मंगलवार को सुबह 7ः15 बजे दुर्गा मंदिर मार्केट से सिद्ध धाम खाटू श्याम धाम सुदामा नगर श्रीगंगानगर तक धूमधाम से निकाली जाएगी। इसी कड़ी में 13 मार्च, वीरवार सायं 8.15 बजे दुर्गा मंदिर मार्केट में श्याम बाबा का विशाल जागरण होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया जाएगा तथा भक्तों को श्याम खजाना वितरित किया जाएगा। अजय राधे राधे ने बताया की अबकी बार उत्सव में विशेष रुप से बाबा की नजर हीरे मोतियों से उतारकर भक्तों में हीरे मोती वितरण किए जाएंगे और बाबा के कीर्तन में अपने-अपने ठाकुर जी लड्डू गोपाल का सुंदर सिंगार करके लाने वालो को चांदी के सिक्के उपहार स्वरूप दिए जाएंगे और विशेषतौर पर बरसाने की सखियां इस उत्सव में आएगी जो ठाकुर जी के साथ लठमार होली, फूलों होली ,इत्र होली और बरसाने की प्रसिद्ध लड्डू होली भी खेली जायेगी ।समस्त श्रद्धालुओं से इस 39 वी श्याम भव्य निशान यात्रा के अवसर पर अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया है।



# लोक अदालत में मौके पर मामले निपटाए

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** शनिवार को न्यायालय परिसर में इस वर्ष की प्रथम राष्टीय लोक अदालत आयोजित हुई। लोक अदालत में विवादो का निपटारा मौके पर ही किया गया। राष्टीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ताओं की समझाइश का परिणाम रहा कि दांडिक शमनीय मामले,दीवानी प्रकृति के मामले, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण के प्रकरण, बैंक वसूली एवं प्री लिटिगेशन के मामले तुरंत ही निस्तारित हुए। न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में 1724 प्रकरण रखे गए जिनमें समझाइश का परिणाम रहा कि 357 मामले मौके पर ही निस्तारित हो गए। भूखंड विवाद को लेकर 13 सालों से चल रहा विवाद भी सुलझ गया। वहीं 2010 से चल रहे फौजदारी प्रकरण में भी राजीनामा हो गया ।लोक अदालत में एडीजे, एसीजेएम, जेएम व राजस्व न्यायालय द्वारा रेफर मामलों तथा प्री लिटिगेशन के प्रकरणों में समझाइश की गई। जिनमे 3 करोड़ 75 लाख 91 हजार 278 रुपए की अवार्ड राशि पारित की गई। इस दौरान एसडीएम संजय अग्रवाल, बार अध्यक्ष कमलेश पांडे, एम.एल. शर्मा, मनसाराम झोरड़, बलराम कस्वां, पवन पारीक, सुनील धारीवाल, अर्जनलाल वर्मा,सुरेंद्र हुड्डा, गोपाल सोनी, नीरज सोनी,हनुमान जोशी, संदीप नाई न्यायिक कर्मी किशन छाछिया,रीडर जयसिंह कस्वां,नौरंगलाल काला, अंकित अग्रवाल, करन छाबड़ा सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व पक्षकारान मौजूद रहे।



## जन्मदिन मुबारक



**बीझबायला।** पंच मुखी चौक स्थित माँ भगवती डेयरी के संचालक तारा चन्द शर्मा के बड़े पुत्र योगेश शर्मा (मोनू )का जन्मदिन मनाया गया इस मौके पर माता -पिता तारा चन्द -उषा देवी शर्मा, भाई कमेश शर्मा, चाचा-चाची, व योगेश शर्मा की धर्मपत्नी अंजलि शर्मा ,सहित रिस्तेदारो एव शुभचिन्तको मित्रगणों ने योगेश शर्मा को बधाई दी व उज्ववल भविष्य की कामना करते हुए मिठाई बांटी खुशी जताई।

# तिलक व इत्र लगाकर फूलों की होली खेली

## फागोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक मनाया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर ।**सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति, श्रीगंगानगर द्वारा धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक फागोत्सव एवं होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सचिव हरपाल सिंह की अध्यक्षता में सुखाडि?ा पार्क स्थित समिति कार्यालय में हुए कार्यक्रम की ईश्वरीय वंदना से शुरूआत की गई। सर्वप्रथम समस्त सदस्यों का अध्यक्ष अर्जुन वधवा द्वारा तिलक एवं गुलाल लगाकर अभिनंदन किया गया तथा होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस मौके पर होली पर्व कार्यक्रम समिति अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सारडीवाल ने इत्र की फुहार से सारे वातावरण को महका दिया। होली पर्व कार्यक्रम समिति सचिव डॉ. अशोक कुमार अरोड़ा द्वारा रोचक अंदाज में मंच संचालन किया गया। सचिव हरपाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रमन एंड पार्टी संकीर्तन मंडली ने भजनों एवं होली के लोक गीतों द्वारा अदभुत समां बांधा तथा सभी सदस्यों ने नाच-गाकर व झूमकर भरपूर आनंद प्राप्त किया। इस मौके पर समस्त सदस्यों ने एक-दूसरे पर फूल बरसा कर होली पर्व की खुशियों को कई गुणा बढ़ा दिया। फागोत्सव में विजेंद्र नैन तथा नरेंद्र शर्मा ने सुरीली आवाज में गीत गाकर चार चांद लगा दिए तथा भरपूर तालियां बटोरी। फागोत्सव एवं होली स्नेह मिलन समारोह के सफल आयोजन में जगमोहन परनामी, केके गाँधी व सुरेंद्र शर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में समस्त सदस्यों ने जलपान का लुत्फ उठाया। समारोह का समापन राष्टीय गान के उपरांत किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति, श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



# ऑटो चालक की पीट पीट कर हत्या

जनमार्ग न्यूज

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के पॉश इलाके डीएलएफ फेज-तीन में ऑटो हटाने को लेकर हुए झगड़े में दो लोगों की बेरहमी से पिटाई करने से एक ऑटो चालक की मौत हो गई। मारपीट की यह घटना आठ मार्च रात की है। जो गंभीर रूप से घायल ऑटो चालक की रविवार रात को मौत हो गई। मृतक के परिजन की शिकायत पर डीएलएफ फेज-तीन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान मूलरूप से बिहार के गया निवासी सोनू (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। एक आरोपी जयदीप आईटी कंपनी में काम कर चुका है। अब वह खाना सप्लाई करने का काम करता था। जबकि दूसरा उसका दोस्त मणी शंकर शुक्ला है।

# सामूहिक विवाह: 7 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

## वर-वधू को समिति पदाधिकारियों ने दिलाया नशामुक्ति का संकल्प

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** डीजे और ढोल की धुन पर नाचते-गाते बाराती और उनके स्वागत में पलक पांवड़े बिछाए श्री गुरुनानक कृष्णा मंदिर समिति के पदाधिकारी व कन्याओं के परिजन। यह दृश्य रविवार को एच ब्लॉक डिग्गी के नजदीक स्थित श्री गुरुनानक कृष्णा मंदिर समिति की ओर से आयोजित जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में दिखा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में श्रीगंगानगर जिले सहित पंजाब के सात जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में सात दूल्हे ढोल नगाड़ों के साथ अपने परिजनों व बारातियों के साथ अपनी दुल्हनों को लेने के लिए आए, जहां समिति पदाधिकारियों की ओर से सभी बारातों का भावभीना स्वागत किया गया, साथ ही शिरोमणी पंथ अकाली दशमेश तरना दल मिसल सेवा सिमरन दे पुंज भाई कन्हैया जी के मुखी जत्थेदार बाबा राज सिंह खालसा रेस्टोरेंट वालों ने अपने पूरे जत्थे सहित बारातियों व घरातियों में नाश्ते में टिक्की, पावभाजी व चाय का लंगर बरताया। उसके बाद आयोजन स्थल पर करीब छः फुट ऊंचे बनाए गए मंच पर प्रकाशमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप के समक्ष रागी जत्थे ने पांच जोड़ों के आनंद कारज से फेरे करवाए। वहीं दो जोड़ों के सनातन धर्म विधि अनुसार फेरे करवाए गए। बता दें कि समिति की ओर से सर्वजातीय समरसता की भावना ओर जरूरतमंदों को संबल प्रदान के लिए सामूहिक विवाह समारोह का ये पांचवां आयोजन किया गया, जिसमें समिति की ओर से नवविवाहित जोड़ों को वैवाहिक गृहस्थी का आवश्यक सामान उपहार स्वरूप भेंट किया गया। समिति प्रधान मनजीत सिंह मंड ने बताया कि इस दौरान सभी जोड़ों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर वर वधू के परिजनों सहित शहर के कई गणमान्य लोगों ने विशेष तौर पर कार्यक्रम में पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम सम्पन्न होने पर गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

नवविवाहित जोड़ों को समिति महासचिव मुनीष कुमार लड्ढा ने बताया कि समिति द्वारा जनसहयोग से सभी नवविवाहित जोड़ों को वैवाहिक गृहस्थी के अनुसार डबल बैड, गद्दे, तकिए, पैडस्टर (फर्राटा) फैन, सिलाई मशीन, वाटर कैम्पर, लोहे का बड़ा ट्रंक, कुर्सी-मेज, 21 बर्तन, 11 कपड़े, प्रैस जैसा घरेलू जरूरत का सारा सामान उपहार स्वरूप भेंट किया गया। जिसमें शहर की सैंट्रल मार्केट व दुर्गा मन्दिर मार्केट के दुकानदारों सहित कई दानवीर परिवारों का विशेष सहयोग रहा।

**निःशुल्क डेंटल चेकअप कैंप में 30 लोगों की जांच:** समिति अध्यक्ष मंड ने बताया कि सामूहिक विवाह के उपलक्ष्य में आयोजन स्थल पर कान्हा डेंटल केयर्स की संचालक डॉ. दामिनी सिंह (बीडीएस) की टीम द्वारा दो दिन निःशुल्क डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया, जिसमें बारातियों व घरातियों सहित करीब 30 लोगों के दांतों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां भी दी गई।





# भोमपुरा में महिला दिवस मनाया

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** श्री श्याम देव स्कूल भोमपुरा (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) में शनिवार को अंतरराष्टीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रधान सतवीर भादू ने बच्चों को महिलाओंद्द के उत्थान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की बेटियों ने महिलाओं की वर्तमान तू में स्थिति और भविष्य के लिए चर्चा की गई। विद्यालय की छात्रा स्नेहा गोदारा ने महिलाओं में मां की महिमा और महिलाओं की स्थिति को विस्तार से बताया। वहीं राधिका शर्मा, खुशबू बाजीगर, पीयू शर्मा, पलक कसवां, अंतिमा कसवां, प्रांजल कासनियां, सोनाक्षी पूनिया, नेहा छींपा आदि ने कविताओं ओर भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। स्नेहा गोदारा का बालिका दिवस पर भाषण शानदार रहा। संस्था निदेशक सुरेंद्र भादू ने बेटियों से निरंतर आगे बढ़ने और अपने परिवार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अशोक शर्मा, पूनम भादू, किरणबाला भादू, रणवीर, सुमन जाखड़, मनोज सिहाग, निकिता ढाका, मनीषा ढाका, जयपाल छपोला, रमेश भारी, घनश्याम सुथार, अजय, सोहनलाल, संदीप शर्मा, संदीप राजपूत, रामनिवास लुहायच, सुनील, कमल शर्मा, रोहित शर्मा, हेमलता, पूजा जलंधरा, प्रियंका शर्मा, साहिल, अरविंद रणवा, रविन्द्र वर्मा, महेंद्र वर्मा और गणेश शर्मा उपस्थित रहे।

# फैंसीलिटी सुविधा की जगह गोद देने की मांग

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** आज माहेश्वरी समाज सेवा समिति ने महेश्वरी भवन के पीछे नगरपालिका मण्डल रावतसर की फैसीलिटी सुविधा की जगह को गोद देने के लिए नगर पालिका रावतसर अध्यक्ष सोना देवी रेगर को ज्ञापन दिया गया माहेश्वरी समाज सेवा समिति उक्त फैसिलिटी सुविधा की जगह को गोद लेकर रख-रखाव करना चाहती है। वर्तमान में उक्त जगह पर आमजन कूड़ा-करकट डालते है, जिस कारण उक्त जगह से भंयकर बदबू आती है एवं वातावरण दूषित रहता है। उक्त दूषित वातावरण एवं बरसात में पानी ठहरने के कारण से भयंकर सड़ांध आती है, बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। माहेश्वरी भवन में भी बदबूदार हवा आती है. बरसाती पानी से भी दिक्कत होती है। माहेश्वरी समाज सेवा समिति को उक्त जगह गोद मिलने से इसकी चार दीवारी करवाकर साफ-सफाई व रख-रखाव करेंगे, इसलिए उक्त जगह को गोद दिया जाना नगरीय विकास के लिए उचित होगा। ज्ञापन देने वालों में मासी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष नरेश सोमानी, नगर पालिका वार्ड 20 के पार्षद संदीप बिहानी, पवन बिहानी, जय डूडानी, समाज के वरिष्ट भीखम चंद बिहानी शामिल थे माहेश्वरी भवन रावतसर के पीछे नगरपालिका की फैसीलिटी सुविधा की जगह को माहेश्वरी समाज सेवा समिति रावतसर को गोद दिए जाने के आदेश सादर फरमावें।



# पावन धाम मन्दिर में श्री मद्भागवत कथा में पांचवें दिन जारी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** महावीर कालोनी स्थित श्री रामदूत हनुमान सेवा संस्थान (ट्रस्ट) द्वारा संचालित पावन धाम मन्दिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में श्री मद्भागवत कथा में चौथे दिन रविवार शाम को कथा व्यास पं. विनोद शास्त्री ने श्रृद्धालुओं को राम जन्म प्रसंग श्रवण करवाया, इस अवसर पर मन्दिर प्रांगण में सांय सांय सात बजे तक श्रृद्धालुओं से खचाखच भरा था। आज सोमवार को कथा व्यास मद्भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाएंगे। मन्दिर के प्रधान अशोक परूथी ने बताया कि श्रीमद्भागवत के चलते रोजाना श्रृद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, साथ ही रोजाना मन्दिर से जुड़े सेवादारों की ओर से प्रभु श्री राम को सवामणियों का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया जा रहा है। ट्रस्ट सचिव टीकम चंद गर्ग ने बताया कि इस बीच कल शुक्रवार को कान्हा डेंटल केयर्स की संचालिका डॉ. दामिनी सिंह दांतों की जांच कर रोगियों को दवाईयां भी देंगी, साथ ही मन्दिर में 12 मार्च, शनिवार सुबह रूधिरा चैरिटेबल ब्लड सैंटर की टीम द्वारा प्रातः 9 बजे से प्रभु इच्छा तक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। मन्दिर ट्रस्ट की ओर से श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए शहर के अग्रसेन चौक शिव मन्दिर, सुखाडिया सर्किल के नजदीक विश्वकर्मा मन्दिर, सूरतगढ़ रोड हनुमान जी की मूर्ति से कथास्थल तक लाने व वापिस छोड़ने के लिए निःशुल्क ऑटो रिक्शा की व्यवस्था की गई है। श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति 13 मार्च को होगी।





# टांटिया यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय एक्सीलेंस सेंटर में रोजगारोन्मुखी गतिविधियां

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** टांटिया यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय में अब शिक्षा के साथ-साथ रोजगार भी मिल सकेगा। इसके लिए यहां चल रहे एक्सीलेंस सेंटर में प्रशिक्षण आरंभ हो चुके हैं। उपप्राचार्य डॉ. रेखा सोनी ने बताया कि काफी समय से चल रहे एक्सीलेंस सेंटर में अब रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आरंभ किए जा रहे हैं। इसमें विद्यार्थियों के साथ बाहर के लोग भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इन कोर्सेज में पैकिंग, ड्राइंग, कम्प्यूटर, कुकिंग के साथ कुछ अन्य प्रशिक्षण शामिल हैं। इनके लिए कुशल प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। इन कोर्सेज के ब्रोशर का विमोचन गत दिनों कुलपति प्रो. (डॉ.) एमएम सक्सेना एवं शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता डॉ. राजेंद्र गोदारा ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं संकाय सदस्य मौजूद थे।

# मिट्टी ट्राली के नाम पर चौथ वसूली नहीं होगी : बिहाणी

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा कि अब बरेती के नाम पर किसी को चौथ वसूली नहीं करने दी जाएगी। मिट्टी की ट्राली अब लोगों को एक हजार रुपए में मिलेगी। विधायक जयदीप बिहाणी ने आज मिट्टी की ट्राली का कारोबार करने वाले व्यापारियों से बातचीत करने के बाद इस आशय की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पहले मिट्टी की ट्राली के तेरह -चौदह सो रुपए ले रहे थे। बिहाणी ने कहा कि मिट्टी डालने की जगह दूर होने पर तेल का अतिरिक्त भार पड़ता है। इससे व्यापारियों को सौ पचास रुपए ज्यादा लेने की इजाजत होगी। बिहाणी ने कहा कि सब मिलजुल कर कारोबार करें।

# पशु चिकित्सकों ने एक दिवसीय सामूहिक अवकाश कर दिया ज्ञापन

● एसडीएम को सौंपा चार सूत्री मांगों का मांग पत्र

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** पशु चिकित्सक संघ राजस्थान ने प्रदेश के पशु चिकित्सकों की बहुप्रतीक्षित मांगों के शीघ्र निस्तारण हेतु सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए एक दिवसीय अवकाश पर रहकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम रणजीत कुमार को सौंपा। राजस्थान पशु चिकित्सक संघ जिला ईकाई श्रीगंगानगर के अध्यक्ष डॉ आदित्य मिड्ढा के नेतृत्व में दिये गये इस ज्ञापन में मंगला बीमा योजना में परियोजना भत्ता जोड़ने,वेटरनरी सर्विस फीस रूल्स 2013 में महंगाई, समय एवं कार्य की प्रकृति के आधार पर आवश्यक वृद्धि करने,बिना किसी न्यायिक बाधा अथवा विशेष कारण के विगत 8 वर्षो से लंबित ध्रक्क्ष को तुरंत प्रभाव से पूरा करने व महंगाई, वर्तमान समय एवं कार्य की प्रकृति के आधार पर फील्ड के पशु चिकित्सकों का हार्ड ड्यूटी अलाउंसर 650 से बढ़ा कर 5000 रुपए प्रतिमाह करने की मांग की गई। ज्ञात रहे कि उपरोक्त मांगों के शीघ्र समाधान हेतु प्रदेश भर के पशु चिकित्सक आज 10 मार्च 2025 को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहकर सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दे रहे हैं। इस अवसर पर पशु चिकित्सक संघ के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मेडिकल स्टोर पर पुलिस की छापेमारी

**जनमार्ग न्यूज**

**अबोहर।** फाजिल्का जिले के अबोहर में ड्रग इंस्पेक्टर और सदर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। गांव ढाबा कोकरियां स्थित गुरु नानक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की गई। स्टोर से 1000 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद हुए। ये कैप्सूल जिला उपायुक्त के आदेश से प्रतिबंधित थे। जांच में पता चला कि स्टोर संचालक किंदर सिंह के पास दुकान चलाने का कोई लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने किंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## नोजगे स्कूल की आराध्या सम्मानित

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** नोजगे पब्लिक स्कूल के कक्षा सात (वी) की छात्रा आराध्या का चयन राज्य स्तर पर होने वाले इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। इस छात्रा ने जिला स्तर पर हुए कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र व प्रोत्साहन राशि जीती है। इंस्पायर मानक स्कूल इंचार्ज डॉ. सागारिका प्रधान ने बताया कि डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (डीएसटी) की ओर से आयोजित इंस्पायर मानक अवार्ड सेशन 2024-25 में स्कूल की इस छात्रा ने 10 हज़ार रूपए प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र जीता है। स्कूल की यह छात्रा जिला स्तर पर सम्मानित हुई है। अब यह छात्रा नेशनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। गाइड टीचर नेहा चराया ने बताया कि उनका प्रोजेक्ट नेम वाइब्रेशन बेस्ड ब्लाइंड वॉकिंग स्टिक था। जो लोग देख नहीं सकते हैं उनके लिए यह स्टिक बहुत उपयोगी साबित होगी। आराध्या राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड के प्रदर्शन को लेकर उत्साहित है। स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पीएस सूदन, डायरेक्टर जनरल सूरेन सूदन, प्रिंसिपल ने टीचर गाइड नेहा चराया, आराध्या व उनके माता-पिता स्नेह लता सेठी- दलीप कुमार नागपाल को बधाई दी है। ज्ञात रहे कि इससे पूर्व भी शेरब अरोड़ा, याहवी गोयल व लक्षिता भी इस अवार्ड के लिए चयनित हो चुकी हैं।

# वामा लेखनी मंच ने राजकीय वृद्धाश्रम में मनाया महिला दिवस




**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** सृजन सेवा संस्थान की महिला इकाई वामा लेखनी मंच ने रविवार को ख्यालीवाला गांव में स्थित राजकीय वृद्धाश्रम शकुंतला सदन में बुजुर्गों के साथ महिला दिवस मनाया। इस मौके पर वामा लेखनी मंच की अध्यक्ष डॉ. बबीता काजल, मीनाक्षी आहुजा, सुषमा गुप्ता, ममता पुरी, ऋतुसिंह, नमिता अग्रवाल, चित्रलेखा शर्मा एवं पुतुल शर्मा ने बुजुर्गों से बात की और उनके स्वास्थ्य एवं सुविधाओं के बारे में जाना। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कृष्णकुमार 'आशु' एवं डॉ. संदेश त्यागी भी उनके साथ थे। कार्यक्रम में गीत और कविताएं सुनाकर बुजुर्गों का मनोरंजन किया गया। व्यवस्थापक नरेंद्र मुंजाल ने वहां बुजुर्गों को दी जा रही सुविधा और अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। मंच की ओर से राजकीय वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिए एक साउंड सिस्टम, फलाहार एवं अन्य खाद्य सामग्री भी भेंट की गई।

## जन्मदिन मुबारक

**जनमार्ग न्यूज**



**बींझबायला।** पंच मुखी चौक स्थित मां भगवती डेयरी के संचालक तारा चन्द शर्मा के बड़े पुत्र योगेश शर्मा (मोनू) के जन्मदिन पर माता-पिता तारा चन्द-उषा देवी शर्मा, कमेश शर्मा (भाई), चाचा-चाची, अंजलि शर्मा (पत्नी) व समस्त रिश्तेदारों, मित्रों व शुभचिंतकों की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

सांध्य दैनिक जनमार्ग व प्रात:कालीन जनमार्ग में अपडेट व ताजा खबरों के लिए देखें:-

Website:- www.janmarg.com

Youtube:- Janmarg News

## महिला नशा तस्करों के घर गिराए

**जनमार्ग न्यूज**

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार नशा तस्करों के खिलाफ एक्शन मोड में है। इसी कड़ी में आज (10 मार्च) को बरनाला में 2 महिला नशा तस्करों के घरों को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। दोनों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत करीब 16 केस दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि गिराई गई बिल्डिंग खाली थी। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह आज रूपनगर (रोपड़) का दौरा करेंगे। सरकार की नशा मुक्ति मुहिम पर नजर रखने के लिए गठित हाई-पावर कमेटी के सदस्य के रूप में वह सिविल अस्पताल की औचक जांच करेंगे और जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेंगे। हालांकि, पंजाब सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर उठ रहे सवालों के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने विपक्षी दलों को जिम्मेदार ठहराया है।

# बोधि रचनाकार मंच की गोष्ठी में जमा रंग



**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** कर्नाटक के यादगिर शहर से आई कवयित्री नीतू दाधीच के सम्मान में बोधि रचनाकार मंच की श्रीगंगानगर इकाई की ओर से सुखद आर्ट कैफे में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के कवियों ने अपनी कविताओं से विविध रंग बिखेरे। आरंभ में मेहमान कवयित्री नीतू दाधीच ने मां सरस्वती की वंदना करते हुए रचनापाठ आरंभ किया। उन्होंने मनुष्य की बदलती प्रवृत्ति और सोच पर चोट करते हुए अपनी कविताओं के माध्यम से मनुष्यता को कायम रखने का संदेश दिया। इसके बाद अरुण खामखाह, मीनाक्षी आहुजा, ऋतुसिंह, संदेश त्यागी, कृष्णकुमार 'आशु', अरुण 'उर्मेश' और सुषमा गुप्ता ने अपनी कविताओं के माध्यम से रंग जमाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांवरमल दाधीच ने परिवारों के विघटन पर चिंता जताते हुए कहा कि इस स्थिति से केवल कवि और साहित्यकार ही समाज को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल से ही साहित्य समाज को दिशा देता रहा है, आगे भी देता रहेगा। कार्यक्रम में ज्योतिषाचार्य सुनीता सैडा, प्रेमलता और सिद्धार्थ व्यास ने भी अपने विचार रखे।

## लंबी दूरी की गाड़ियों का वाया लूप कैनाल तक विस्तार करने की मांग

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीकरनपुर।** लंबी दूरी की गाड़ियों का वाया लूप कैनाल विस्तार को लेकर भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने रेलवे के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की है। गुप्ता ने बीकानेर से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों को वाया लूप कैनाल सूरतगढ़ रायसिंहनगर करणपुर श्रीगंगानगर होते हुए हनुमानगढ़ तक विस्तार करने की मांग की है। गुप्ता ने बताया कि हनुमानगढ़ में वाशिंग व सिक लाइन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बीकानेर में खड़ी रहने वाली लंबी दूरी की गाड़ियों दादर सियालदह पुरी गुवाहाटी जैसी गाड़ियों का आसानी के साथ वाया लूप कैनाल सूरतगढ़ रायसिंहनगर करणपुर श्रीगंगानगर से होते हुए हनुमानगढ़ तक किया जा सकता है। उन्होंने रेलवे के उच्च अधिकारियों से लंबी दूरी की ट्रेनों का शीघ्र विस्तार करने की मांग की है ताकि श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ जिले के लोगों को इन ट्रेनों का लाभ मिल सके।

# टांटिया होम्योपैथिक कॉलेज के स्टॉफ की पुस्तक का विमोचन

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर टांटिया होम्योपैथिक कॉलेज के स्टॉफ सदस्यों प्रो. (डॉ.) आर.के. विश्वास, प्रो. (डॉ.) रुचि विश्वास, और प्रो.(डॉ.) अनुप्रिया और प्रो. (डॉ.) रेखा जुनेजा द्वारा लिखित पुस्तक द रोड टू रिकवरी का विमोचन, टांटिया यूनिवर्सिटी की चेयरपर्सन श्रीमती सुनीता टांटिया, एआर अमीषा टांटिया, यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ.एम.एम. सक्सेना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रीना छिंपा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) श्रीगंगानगर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुमित्रा बिश्नोई उप निदेशक-महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार, श्रीमती नीतू सैन, उपायुक्त एसजीएसटी श्रीगंगानगर, डॉ. राजेंद्र गोदारा सी.ओ.ई. टांटिया विश्वविद्यालय, प्राचार्य बी.एड कॉलेज डॉ. रेखा सोनी, लॉन टेनिस राज्य खिलाड़ी श्रीमती कोमल अग्रवाल और सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती स्नेहा द्वारा किया गया।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी श्रीमती अंजू सैनी ने बताया कि गतदिवस भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चम्पालाल गेदर के नेतृत्व में जयपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओ ने नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। अंजू सैनी द्वारा तिलक लगाकर मुंह मीठा करवाया गया श्रीराम दरबार देकर स्वागत किया। मदन राठौड़ ने अपने संबोधन में ओबीसी मोर्चे की सराहना करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में ओबीसी मोर्चे की बदौलत भाजपा ने अच्छे परिणाम प्राप्त किये। मोर्चे की संगठन में अहम भूमिका हमेशा से रही है। ओबीसी में शामिल सभी जातियों को एक जुटता के साथ रहना है। चम्पालाल गेदर ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि 96 जातियों मे से 70 जातियों को संगठन में शामिल कर सबका साथ,सबका विकास,सबका विस्वास मंत्र को सार्थक करने का प्रयास किया जा रहा है।भाजपा ओबीसी मोर्चा के सह-प्रभारी पंकज चौधरी ने कहा कि ओबीसी का कल्याण ही भाजपा की पहचान है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष भी ओबीसी वर्ग से है प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने कहा ओबीसी मोर्चा के कार्येकर्ताओ को आज तक जो भी कम दिया गया उसे उन्होंने पूर्ण लगन से किया। मोर्चा संगठन मंडल से लेकर बूथ तक मजबूती से काम कर रहे है।इसके लिए समस्त कार्येकर्ता प्रसंसा के हकदार है।राष्ट्रीय मंत्री निर्मल कुमावत ने कहा भाजपा की सरकार ने ही ओबीसी कमीशन को संवेधानिक दर्जा दिया है और हमेशा समान की बात करती है। प्रदेश महामंत्री महेन्द्र पंवार ने मंच संचालित करते हुए कहा कि प्रदेशाध्यक्ष की सादगी, सरलता और संघर्ष हम सबके लिए प्रेणादायक है कार्येक्रम में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, मंडलाध्यक्ष बूथ तक के कार्येकर्ता उपस्थित रहे।

## गुरुद्वारा में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज**

**बीकानेर।** खाजूवाला में स्थित एक गुरुद्वारा से युवक ने हजारों रुपए निकाल लिए। ये सारी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस ने तीस साल के एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कस्बे में स्थित एक गुरुद्वारे में जब सुबह लोग पहुंचे तो वहां गुल्लक खाली दिखाई दिया। सीसीटीवी फुटेज देखे तो उसमें साफ हो गया कि एक युवक ने गुरुद्वारे में प्रवेश करके वहां से रुपए निकाल लिए हैं। सीसीटीवी में वो वीडियो निकालता साफ नजर आ रहा है। महज एक मिनट में उसने पूरा गुल्लक ही साफ कर दिया। उसे ये पता ही नहीं चला कि सारा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो रहा है। इसके बाद से क्षेत्र के लोगों ने में काफी नाराजगी थी। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कुछ ही घंटों की मशक्कत के बाद राजेंद्र बावरी (30) को गिरफ्तार कर लिया।

## बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम को लेकर निर्देश

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** जिले में बाल विवाह आयोजनों पर प्रभावी रोकथाम को लेकर जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर आवश्यक निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बाल विवाह अपराध है। बाल विवाह की रोकथाम के लिये आखातीज व पीपल पूर्णिमा जैसे पर्वो पर विशेष ध्यान दिया जाना अतिआवश्यक है। अन्य सावों पर भी विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाहों के आयोजनों की संभावनाएं रहती हैं, पर ध्यान दिया जाये। बाल विवाह की रोकथाम के लिये निरन्तर निगरानी रखी जाये। बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिये ग्राम एवं तहसील स्तर पर स्थापित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधिगण द्वारा आमजन को जानकारी कराते हुए जनजागृति उत्पन्न कर बाल विवाह रोके जाने के लिये कार्यवाही की जाये। जिला व ब्लॉक स्तर पर गठित विभिन्न सहायता समूह, महिला समूह, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला सुरक्षा सखी, साथिन, सहयोगियों के कोर ग्रुप को समस्त संबंधित विभागों द्वारा सक्रिय किया जाये। ऐसा व्यक्ति व समुदाय जो विवाह सम्पन्न करवाने में सहयोग देते हैं यथा हलवाई, बैंड बाजा, पंडित, बाराती, टैंट वाले, ट्रांसपोर्टर इत्यादि से बाल विवाह में सहयोग न करने का आश्वासन लिया जाये तथा बाल विवाह कानूनों की जानकारी दी जाये। जनप्रतिनिधियों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ चेतना बैठक की जाये। ग्राम सभाओं में भी चर्चा की जाये। बाल विवाह रोकथाम के लिये किशोरियों, महिला समूहों, स्वयं सहायता समूहों व विभिन्न विभागों के कार्यकर्ता व स्वास्थ्य, वन, कृषि, समाज कल्याण, शिक्षा विभागों आदि के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर एसडीएम द्वारा कार्मिकों को तत्काल सूचना देने के लिये पाबंद किया जाये।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692